Installed capacity (in lakh tonnes)	4.00	4.00	4.00
Production (in lakh tonnes)			
Value of Production (₹in lakhs)			
Profit/(Loss) (₹ in lakhs)	**(130)**	**(256)**	**(245)**

TANDUR (Distt. K. V. Ranga Reddy, Telengana)

This unit went into commercial production from 1st July, 1987

PARTICULARS	**2023-24**	**2022-23**	**2021-22**
Installed capacity (in lakh tonnes)	**10.00**	**10.00**	**10.00**
Production (in lakh tonnes)	**5.90**	**5.82**	**6.34**
Value of Production (₹in lakhs)	**27642**	**26925**	**29343**
Profit/(Loss) (₹in lakhs)	**(94)**	**1408**	**5144**



NOTES



NOTES



NOTES



विषय सूची

01.

सांविधिक रिपोर्ट

A. अध्यक्ष अभिभाषण 150
B. निदेशक की रिपोर्ट 152
C. प्रबंधन चर्चा एवं विश्लेषण 196
D. निगम शासन पर प्रमाणपत्र 201
E. सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट 210
F. लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 214

02.

वित्तीय विवरणिका

A. वार्षिक लेखे 2023.24.....228
B. नकदी प्रवाह विवरणिका 230
C. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणिया 276

03.

अतिरिक्त सूचना

A. हमारे कर्मचारीगण – हमारी सबसे बड़ी परिसंपत्ति 278
B. हमारी इकाइयों की प्रमुख विशेषताए..... 283

60वीं वार्षिक सामान्य बैठक में अध्यक्षीय संबोधन



प्रिय शेयरधारक,

सीमेंट कारपोरेशान ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआई) की 60वीं वार्षिक आम बैठक में निदेशक मंडल की ओर से मुझे आप सभी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। इस बैठक में आपकी गरिमामयी उपस्थिति कंपनी के प्रयासों में आपका समर्थन और रुचि प्रकट करती है जिसके लिए मैं आपका आभारी हूँ।

31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वार्षिक खातों, निदेशकगणों की रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पहले ही परिचालित की जा चुकी हैं। आपकी अनुमति से, मैं इस पर प्रकाशा डालना चाहूँगा।

प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएं

सीसीआई एकमात्र केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है जो अन्यथा अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में सीमेंट निर्माण और इसकी बिक्री करता है। कंपनी ने चुनौतियों को कम करने के लिए अपनी अंतर्निहित शक्तियों पर कार्य किया है।

i) वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान क्लिंकर उत्पादन 829980 मीट्रिक टन था जबकि वित्त वर्ष 2022–23 में यह 793985 मीट्रिक टन था अर्थात इस वर्श इसमें 35995 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई है। यद्यपि, वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कुल क्लिंकर उत्पादन वित्त वर्ष 2022–23 की तुलना में अधिक था, किंतु सीमेंट की मांग कम होने के कारण सीमेंट के उत्पादन पर प्रभाव दृश्टिगोचर हुआ। वित्त वर्ष 2022–23 में सीमेंट उत्पादन 868195 मीट्रिक टन था जबकि वित्त वर्ष 2023–24 में यह 849670 मीट्रिक टन था।

ii) कंपनी ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान 95.05 करोड़ रुपये के कर पश्चात शुद्ध लाभ (पीएटी) सहित 418.04 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

मानव संसाधन विकास

सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के मानव संसाधन विकास ने कर्मचारियों को बेहतर ढंग से जोड़ने, स्वस्थ और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बनाए रखने तथा निगम के मिशन और विज़न को ध्यान में रखते हुए उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के साथ–साथ किसी भी अप्रत्याशित चुनौती की रोकथाम करने के लिए प्रभावशाली कर्मचारी अनुभव कार्यनीति तैयार करने में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाई है।

स्वच्छता को आत्मसात करने और सरकार में लंबित मामलों को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा विशेष अभियान 3.0 शुरू किया गया। कचरा मुक्त भारत के लक्ष्यों के अनुरूप, सीसीआई ने सफाई, स्वच्छता, स्वास्थ्य, स्क्रैप निपटान और स्थान उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई पहल भी की हैं।

हरित पहल और ऊर्जा स्थिरता:

राजबन इकाई में 1 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है । इसके अतिरिक्त, बोकाजन में 1 मेगावाट और तंदूर में 6 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र अंतिम चरण में है जो टिकाऊ ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजबन में कोयला मिल संचालन के लिए प्रीहीटर आउटलेट से अपशिष्ट ऊष्मा का उपयोग करने वाली हॉट एयर डायवर्जन प्रणाली स्थापित की गई। रॉ मिल के लिए बोकाजन इकाई में भी इस पर कार्य किया जा रहा है।

कंपनी ने सीसीआई–राजबन यूनिट में पीजेबीएच स्थापित किया है। सीसीआई–बोकाजन यूनिट में पीजेबीएच की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इससे वातावरण में निलंबित कणों का प्रदूषण कम होगा और वातावरण में उत्सर्जित धूल भी एकत्र होगी।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कंपनी की सीएसआर नीति बोर्ड द्वारा अनुमोदित है और इसका कार्यान्वयन निगम में कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों तथा सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किया जा रहा है।

निगम से संबंधित शासन प्रणाली

कंपनी का मानना है कि कंपनी के सभी हितधारकों के साथ नैतिक और पारदर्शी व्यावसायिक व्यवहार कॉर्पोरेट प्रशासन के मानदंडों का पालन करने की कुंजी है। आपकी कंपनी उसी का पालन करने की प्रति प्रतिबद्ध है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी कॉर्पोरेट प्रशासन के संबंध में निरंतर 'उत्कृष्ट रेटिंग' प्राप्त कर रही है। कंपनी द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक मूल्य के किसी भी टेंडर से उत्पन्न शिकायत की सुनवाई और समाधान के लिए स्वतंत्र बाहरी अनुवीक्षक (आईईएम) नियुक्त किए गए हैं। मैं आपका ध्यान निदेशकगणों की रिपोर्ट की ओर आकर्षित करना चाहूंगा जिसमें कॉर्पोरेट प्रशासन के तहत एक अलग खंड शामिल है।

आभार

यह आपका निरंतर समर्थन और विश्वास ही है जो हमें उत्कृष्टता के लिए नए प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है और मैं कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, आपको और भारत सरकार, विशेष रूप से भारी उद्योग मंत्रालय को सभी प्रयासों में उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।

मैं सीसीआई के उत्पादों को निरंतर समर्थन देने के लिए सरकारी एवं निजी क्षेत्र के हमारे सम्मानित ग्राहकों के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं।

मैं भारत सरकार, राज्य सरकारों, सीएजी, हमारे बैंकर्स, सांविधिक लेखा परीक्षकों, लेखा परीक्षा, उद्योग और कॉर्पोरेट मामलों के प्रधान निदेशक और अन्य सभी प्राधिकरणों तथा एजेंसियों के बहुमूल्य सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त करता हूं।

अंत में, मैं निगम के समग्र विकास और वृद्धि के लिए कर्मचारियों की प्रतिबद्धता, भागीदारी और उनके समर्पण के लिए सराहना करता हूं।

आप सभी को पुनः धन्यवाद।
जय हिंद।

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
दिनांक 25–10–2024
स्थान : नई दिल्ली

निदेशकगणों की रिपोर्ट

सेवा में,
सदस्यगण

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से मुझे 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित खातों, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा भारत के नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट के साथ–साथ कंपनी की 60वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रसन्न्ता हो रही है।

1. वित्तीय निष्पादन

विगत वर्ष के आंकड़ों सहित वर्ष 2023–24 के लिए कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन नीचे दिया गया है:

2. लाभांश

कंपनी को संचयी हानि हुई है। इसलिए वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए लाभांश की घोषणा नहीं की जाएगी।

3. व्यवसाय प्रचालन की समीक्षा तथा भावी संभावनाएं

आपके निदेशाकगणों की अभिलाशा है कि वर्ष 2023–24 के दौरान निष्पादित व्यवसाय प्रचालनों के विवरण प्रस्तुत किए जाएं जो निम्नानुसार हैं:

क्रम सं.	विवरण	2023–24 को समाप्त वर्ष के लिए	2022–23 को समाप्त वर्ष के लिए
1	प्रचालनों से शुद्ध आय	418.04	440.72
2	अन्य आय	56.32	34.72
3	मूल्यह्रास और ब्याज के अतिरिक्त कुल व्यय	465.58	451.87
4	विशिष्ट आय / (व्यय)	99.42	81.75
5	पीबीडीआईटी	108.20	105.32
6	घटाएं : वित्तीय लागत	0.00	0.00
7	पीबीडीटी	108.20	105.32
8	घटाएं : मूल्यह्रास	13.15	10.03
9	कर पूव लाभ / (हानि)	95.05	95.29
10	घटाएं : आयकर	16.61	3.69
11	जोड़ें : एमएटी क्रेडिट पात्रता	16.61	3.69
12	कर उपरांत शुद्ध लाभ	95.05	95.29

1.1 निगम ने विगत वर्ष के दौरान 95.29 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में वर्ष 2023–24 के दौरान 95.05 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। सीमेंट का उत्पादन विगत वर्ष के दौरान 8.68 लाख मीट्रिक टन की तुलना में 8.50 लाख मीट्रिक टन है।



क. प्रचालन

(i) इकाइयों का प्रदर्शन –

प्रचालन इकाइयों के सीमेंट उत्पादन % शुद्ध क्लिंकर उत्पादन (मी. टन), सीमेंट उत्पादन (मी.टन) और सीमेंट की आपूर्ति (मी.टन) के लिए क्षमता उपयोग को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से निम्नानुसार वर्णित किया गया है:–

विवरण	मूल सं	बोकाजन		राजबन		तंदूर		कुल संचालनरत संयत्र	
		23-24	22-23	23-24	22-23	23-24	22-23	23-24	22-23
सीमेंट की क्षमता उपादेयता	%	59.72	65.57	57.02	63.19	59.00	58.16	58.76	60.04
क्लिंकर का उत्पादन	एमटी	121250	120730	127370	132425	581360	540830	829980	793985
सीमेंट का उत्पादन	एमटी	118250	129830	141420	156725	590000	581640	849670	868195
प्रेषणा	एमटी	112652	129030	140047	153615	589720	581948	842419	864593

अप्रैल 23 से मार्च 2024 तक वर्ष 2023–24 के लिए सीसीआई का समग्र क्लिंकर उत्पादन विगत वर्ष अर्थात 2022–23 में 793985 मीट्रिक टन से बढ़कर 35995 मीट्रिक टन की वृद्धि सहित 829980 मीट्रिक टन था।

मांग कम होने के कारण, क्लिंकर का इन्वेंट्री स्तर दिनांक 31.03. 2023 को 92817 मीट्रिक टन से बढ़कर दिनांक 31.03.2024 को 149270 मीट्रिक टन हो गया। धीमी मांग ने सीमेंट उत्पादन को भी प्रभावित किया क्योंकि अधिकांश समय सीमेंट साइल भरे रहने के कारण सीमेंट की पिसाई पर नियंत्रण रखा जाता था। उपरोक्त बाधा के कारण क्लिंकर के उत्पादन में वृद्धि के बावजूद सीमेंट का उत्पादन कम हो गया। पिछले वर्ष 2022–23 में सीमेंट का उत्पादन 868195 मीट्रिक टन की तुलना में वर्ष 2023–24 के दौरान अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक यह 849670 मीट्रिक टन था।

(ii) गुणवत्ता :

सीसीआई 43, 53 और 53एस (भारतीय रेलवे के लिए स्लीपर के निर्माण हेतु विशेष ग्रेड सीमेंट) ग्रेड के विभिन्न प्रकार के सीमेंट जैसे पोर्टलैंड पॉज़ोलाना सीमेंट (पीपीसी), साधारण पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) का ठोस गुणवत्ता नियंत्रण के तहत सीसीआई सीमेंट के ब्रांड नाम से निर्माण करता है।

परियोजनाओं की स्थिति नीचे दी गई है:

क) बोकाजन विस्तार परियोजना

मैसर्स प्रोमैक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बैंगलोर को बोकाजन

इकाई का 1200 टीपीडी तक विस्तार करने के लिए दिनांक 24.09.2010 को कार्य आदे ा सं. 46/10/6(6)/10–एमएमओ/196 दिनांक 30.09.2010 के अनुसार 142.40 करोड़ रुपये की लागत से 18 महीने की अवधि में पूरा करने के लिए कार्य आदेश जारी किया गया था। परियोजना लगभग 7 वर्षों तक लटकी रही। दिनांक 06.03.2019 सीसीआई मैसर्स प्रोमैक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ अनुबंध समाप्त कर दिया।

मामला मध्यस्थ न्यायाधिकरण के पास विचाराधीन है।

ख) सिल्चर ग्राइंडिंग इकाई की स्थिति

मैसर्स प्रोमैक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बैंगलोर को सिलचर (असम) में टर्नकी आधार पर 50 टीपीएच सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट की स्थापना के लिए कार्य आदेश संख्या 47/10/6(7)/10–एमएमओ/206 दिनांक 30.09.2010 जारी किया गया था, जिसकी लागत 39.68 करोड़ रुपये थी और कार्य पूरा होने की अवधि 12 महीने थी।

संविदात्मक दायित्वों के उल्लंघन पर, डब्ल्यूओ को सीसीआई द्वारा दिनांक 06.03.2019 को समाप्त कर दिया गया था।

मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

(ईओसीआर) लगाए गए।

iii) सीमेंट मिल सेक्शन में हॉट से ईओटी क्रेन को बदला गया।

iv) पैकिंग प्लांट लॉजिक कंट्रोल सिस्टम को डीसीएस में अपग्रेड किया गया।

v) किलन सहायक ड्राइव के लिए ऑटो चेंज ओवर पैनल लगाया गया।

vi) 6.6 केवी एमओसीबी को वीसीबी से बदला गया।

(iii) गैर–प्रचालित इकाईयों की भूमि के आंकड़े:

सीसीआई की निजी भूमि, सरकारी लीज पर भूमि, निजी लीज पर भूमि और अन्य सहित गैर–प्रचालित इकाईयों की भूमि का कुल क्षेत्र निम्नानुसार है:

टिप्पणी: उपलब्ध भूमि अभिलेखों के साथ डेटा का सत्यापन किया गया है। तथापि, भूमि का वास्तविक क्षेत्रफल भिन्न हो सकता है क्योंकि यह स्थानीय भूमि राजस्व कानूनों और न्यायालयी मामलों के परिणाम के अनुसार राज्य सरकार के राजस्व विभाग द्वारा भूमि अभिलेखों के अद्यतन और सीमांकन के अधीन है।

क्रम सं.	इकाई	फ्री होल्ड	लीज़ होल्ड			अन्य	कुल (एकड़)
			सरकारी	निजी	कुल		
1	मंधार	656.060	290.010	00.0	290.010	39.340	985.410
2	नयागांव	568.656	789.687	00.0	789.687	65.738	1424.081
3	अदिलाबाद	772.970	36.330	1513.560	1549.890	0.00	2322.860
4	अकलतारा	212.000	385.500	462.120	847.620	433.850	1493.470
5	कुरकुंटा	460.740	360.350	0.00	360.350	105.700	926.790
6	चरखी दादरी	205.03	0.00	0.00	0.00	0.00	205.03
7	भटिंडा	20.240	0.00	0.00	0.00	10.120	30.360
	कुल	**2895.696**	**1861.877**	**1975.680**	**3837.557**	**654.748**	**7388.001**

ग) प्रौद्योगिकी उन्नयन

i) रिंग मिल फैन मेन ड्राइव, प्री–हीटर फैन ए और बी के लिए फाइन ट्यून जीआर पैनल लगाए गए।

ii) थर्मल रिले के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक ओवर करंट रिले

ख) बी. लाभप्रदता

कंपनी ने पिछले वर्ष 95.29 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ की तुलना में वर्ष 2023–24 के दौरान 95.05 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

श्री एच.डी. कुमारस्वामी, माननीय मंत्री (भारी उद्योग और इस्पात) और श्री कामरान रिज़वी, सचिव (भारी उद्योग) द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में वित्त वर्ष 2023–24 के लिए सीपीएसई के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा :





4. पूंजी संरचना

निगम को वित्तीय वर्ष के दौरान भारत सरकार से इक्विटी के रूप में कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है और वर्ष के अंत में कंपनी की शेयर पूंजी 811.41 करोड़ रुपये थी, जिसमें 455.98 करोड़ रुपये की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी तथा 355.43 करोड़ रुपये के चुकता गैर–संचयी मोचनीय अधिमान्य शेयर शामिल थे।

5. मानव संसाधन प्रबंधन

सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड एक समान अवसर प्रदान करने वाला नियोक्ता है, जिसमें लगभग 346 नियमित कर्मचारी और 1173 संविदा कर्मचारी हैं। सीसीआई के विकास का श्रेय विविध कौशल, योग्यता और दक्षता संपन्न विविध कर्मचारियों को जाता है। कंपनी ने मानव प्रतिभा को पोषित करने, मनोबल बढ़ाने, करियर की प्रगति में सहयोग करने, प्रशिक्षण के माध्यम से कर्मचारियों को बेहतर बनाने, समावेशी और निष्पक्ष कार्यस्थल प्रदान करने, कैडर या स्तर के बावजूद सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

6. औद्योगिक संबंध :

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान औद्योगिक संबंध अनुकूल और सौहार्दपूर्ण रहे। लागू सभी श्रम कानूनों का सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप अनुपालन किया गया। औद्योगिक अशांति के लिए कोई स्थान नहीं था जिससे मानवदिवसों का नुकसान नहीं हुआ। सकारात्मक और प्रेरित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों और श्रमिकों के संघ ने नियमित रूप से बैठकें आयोजित कीं। परिणामस्वरूप प्रदर्शन और उत्पादकता में सुधार हुआ। सीसीआई के पास संरचित तरीके से मुद्दों को हल करने का अनुभव है जिसने विश्वास और सहयोग का माहौल बनाए रखने में मदद की है।

सुरक्षा जागरूकता:





सीसीआई के स्वतंत्र निदेशक डा. रविन्द्र शिवशंकर अराली और सीसीआई के सरकारी नामित निदेशक श्री जोसेफ अतुल टी. बारला ने तंदूर सीमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किया, परिचालन की समीक्षा की और प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्लांट के मामलों पर चर्चा की :







7. मानव संसाधन विकास:

तकनीकी उन्नति और बाजार प्रतिस्पर्धा की वर्तमान गति हमारे कार्यस्थल को भविष्य के लिए सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है। व्यवसाय अभिसरण प्रवृत्तियों और प्रतिभा अपेक्षाओं को बदलने का अनुभव कर रहा है। इस प्रकार के परिदृश्य में, मानव संसाधन की भूमिका को पुनः परिभाषित किया गया है, ऐसे में प्रतिभा कार्यनीति को समग्र व्यावसायिक लक्ष्यों के अनुरुप संरेखित करने तथा संगठनात्मक सफलता को आगे बढ़ाने में मानव संसाधन की भूमिका अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के मानव संसाधन विकास ने कर्मचारियों को बेहतर ढंग से जोड़ने, स्वस्थ और पारदर्शी कार्य संस्कृति को बनाए रखने तथा निगम के मिशन और विज़न को ध्यान में रखते हुए उच्च उत्पादकता प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली कर्मचारी अनुभव कार्यनीतियां तैयार करने और किसी भी तरह की अप्रत्याशित चुनौती को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदर्शन में वृद्धि को मान्यता दी गई है और सीसीआई में तीसरी पीआरसी लागू की गई है।

सीसीआई ने कार्यबल के प्रबंधन और नेतृत्व के दशकों पुराने तरीकों को पीछे छोड़ते हुए रोजगार के बदलते परिदृश्यों के अनुकूल होने के दृष्टिकोण से प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में काफी प्रगति की है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में, सीसीआई ने प्रौद्योगिकी और मानव हस्तक्षेप को संतुलित किया है। टीम को प्रतिस्पर्धी और अनुकूलनीय बनाए रखने के लिए सीसीआई ने निरंतर अपस्किलिंग और रीस्किलिंग पहलों को प्राथमिकता दी है। भर्ती और ऑनलाइन प्रदर्शन प्रबंधन प्रणाली जैसी विभिन्न प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया है जिसका उद्देश्य उम्मीदवारों तक शीघ्रता से पहुंचने की प्रक्रिया को सहज बनाने के साथ–साथ कठिन शारीरिक भर्ती प्रक्रिया और समय लेने वाले मैनुअल मूल्यांकन पत्रों को समाप्त करना है।

कंपनी का अंतिम लक्ष्य कर्मचारियों को प्रसन्न, स्वस्थ और उत्पादकीय बनाए रखना है। इसलिए, सीसीआई के मानव संसाधन कार्मिक निरंतर एक खुशनुमा कार्यस्थल बनाने, केंद्रित और ऊर्जा में सुधार करने तथा सीसीआई के कार्यालयों/इकाइयों में उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। सीसीआई का मानव संसाधन विभाग कॉर्पोरेट कार्यालय और इकाइयों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर रहा है जिनका वर्णन निम्नांकित है:–

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान (स्वच्छता पखवाड़ा), खेल गतिविधियाँ, योग दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, संविधान दिवस, सुरक्षा सप्ताह, विश्व पर्यावरण दिवस आदि।

राजबन सीमेंट फैक्ट्री, हिमाचल प्रदेश ने रोटरी क्लब, पांवटा साहिब के सहयोग से यूनिट परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।





राजबन सीमेंट फैक्ट्री, हिमाचल प्रदेश द्वारा राजबन के मनाल चूना पत्थर खदान के छछेटी ग्राम पंचायत में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन किया गया:





सीसीआई ने वंचित बच्चों को मिठाई और नोटबुक वितरित कर अंबेडकर जयंती मनाई:





कारगिल युद्ध में वीरतापूर्वक लड़ने वाले हमारे सेना और वायु योद्धाओं की बहादुरी का सम्मान करने के लिए कारगिल विजय दिवस मनाया गया:





नशा मुक्त भारत अभियान के लिए शपथ ली ताकि मादक पदार्थों के सेवन से निपटा जा सके और हमारे युवाओं के लिए स्वस्थ भविष्य को बढ़ावा दिया जा सके:





सीसीआई ने जनवरी माह में नववर्ष और अपना स्थापना दिवस मनाया:













सीसीआई राजबन इकाई ने सिविल अस्पताल पौंटा साहिब के सहयोग से इकाई में टीबी के खिलाफ बीसीजी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया।





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, सीसीआई ने योग की आदत विकसित करने के उद्देश्य से अपनी इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय में योग सत्र आयोजित किए:













तंदूर सीमेंट फैक्ट्री ने युवाओं के सशक्तीकरण और उन्हें सुरक्षित एवं सहायक वातावरण में सीखने, बढ़ने और मौजमस्ती करने का अवसर प्रदान करने के लिए जागरूकता सत्र और खेल आयोजित कर अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया :





स्वच्छता पखवाड़ा – निगम में 'विकसित भारत का रोडमैप' थीम पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य में सुधार पर कार्यशाला आदि जैसी विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित कर स्वच्छता पखवाड़ा मनाया।





कॉर्पोरेट कार्यालय में स्वास्थ्य चर्चा



निबंध लेखन प्रतियोगिता



स्वच्छता पखवाड़ा के लिए शपथ





स्वच्छता पखवाड़ा पर पुरस्कार वितरण

विशेष अभियान 3.0

स्वच्छता को आत्मसात करने और सरकार में लंबित मामलों को कम करने के उद्देश्य से, विभिन्न प्रशासनिक मंत्रालयों द्वारा विशेष अभियान 3.0 शुरू किया गया था। विशेष अभियान 3.0 की भुरुआत इसके तैयारी चरण में गतिविधियों की पहचान से की गई जिसके बाद अभियान के मुख्य चरण के दौरान पहचानी गई इन गतिविधियों को संचालित किया गया। कचरा मुक्त भारत के लक्ष्यों के अनुरूप, सीसीआई ने माननीय सीएमडी श्री संजय बंगा के मार्गदर्शन में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य, स्क्रैप निपटान और स्थान उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए कई पहल की हैं।



पहले



बाद



पहले



बाद



पहले



बाद



पहले



बाद



पहले



बाद



पहले



बाद

8. प्रशिक्षण और विकास:

सीसीआई की प्रशिक्षण एवं विकास नीति की समीक्षा की जाती है तथा बदलते कारोबारी परिवेश के अनुसार इसे लगातार पुनर्गठित किया जाता है। इस प्रतिस्पर्धी कारोबारी माहौल में सफल होने के लिए, व्यावसायिक आवश्यकताओं की बेहतर समझ के साथ–साथ कर्मचारियों को उस सामाजिक–आर्थिक माहौल के बारे में संवेदनशील बनाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसमें कंपनी कार्य करती है। मानव संसाधन विकास के हिस्से के रूप में, सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने सदैव सभी स्तरों पर निरंतर प्रशिक्षण और विकास की संस्कृति को बढ़ावा देकर सीसीआई के मानव संसाधन व्यावसासिकों ने ऐसे कार्यस्थलों को आकार दिया है जो व्यक्तियों को आगे बढ़ने के लिए सशक्त बनाते हैं, जिससे व्यक्तिगत उत्थान और संगठनात्मक समृद्धि दोनों को बढ़ावा मिलता है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, कर्मचारियों को उनके संबंधित कार्य में अपने कौशल को निखारने के लिए इनहाउस अथवा किसी बाहरी एजेंसी द्वारा आयोजित विभिन्न ऑनलाइन/ऑफ़लाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के लिए नामित किया गया था।

रोज़मर्रा की ट्रेनिंग के अतिरिक्त, सीसीआई ने संगठित ज्ञान साझाकरण सत्रों की संस्कृति शुरू की है जिसमें सभी इकाइयों और कार्यालयों के कर्मचारी भाग लेते हैं। ये सत्र सामूहिक ज्ञान को बढ़ाते हैं और कर्मचारी मूल्यवान जानकारी की सहज पहुँच प्राप्त कर बेहतर उत्पादकता प्रदान कर सकते हैं।

ज्ञान साझाकरण सत्र:



9. राजभाषा कार्यान्वयन:

सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने भारत सरकार के राजभाषा विभाग द्वारा जारी प्रावधानों और दिशानिर्देशों का निरंतर अनुपालन किया है। 14 से 28 सितंबर, 2023 तक निगमित कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा आयोजित किया गया जिसमें हिंदी श्रुतलेख, राजभाषा प्रश्नोत्तरी और कविता प्रतियोगिता जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कर्मचारियों को दैनिक कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के लिए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

दिनांक 9 अगस्त, 2023 को सीसीआई के निगमित कार्यालय द्वारा श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सीसीआई की अध्यक्षता में 50 नराकास सदस्यों के लिए राजभाषा सम्मेलन के रूप में 'राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी' का आयोजन किया गया ताकि सदस्यों को हिंदी के प्रयोग के लिए व्यावहारिक अनुभव दिया जा सके और उनका मार्गदर्शन किया जा सके। सीसीआई ने सभी नराकास बैठकों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया है।

वित्त वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिया गया। कंपनी ने ई–ऑफिस में द्विभाषी कार्य करने की नीति अपनाई है।

निगमित कार्यालय सहित सभी प्रचालन इकाइयों में हिंदी पुस्तकालय की स्थापना की गई, जिसमें पढ़ने और सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने, सांस्कृतिक और सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देने और स्वयं को अद्यतन रखने के लिए व्यापक जानकारी की सहज पहुंच के लिए हिंदी पुस्तकें शामिल की गई हैं।

10. सामजिक निगमित दायित्व:

सीमेंट निर्माण के व्यवसाय के अतिरिक्त, सीसीआई का मुख्य कार्य उस समुदाय को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ प्रदान करके समाज को वापस देना है जिसमें यह कार्य करता है। कंपनी अपनी सीएसआर गतिविधियों को कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुरूप संचालित कर रही है। सीसीआई उन क्षेत्रों में और उसके आसपास सीएसआर परियोजनाएँ संचालित करती है जहाँ इकाइयाँ स्थित हैं। स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देने तथा कौशल विकास के क्षेत्र में सीएसआर पहलें शुरु की गई हैं।

वर्ष 2023–24 के लिए डीपीई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आलोक में, सीपीएसई को अपने सीएसआर बजट की 60 प्रतिशत राशि अधिमानतः आकांक्षी जिलों में 'स्वास्थ्य और पोषण' की थीम पर खर्च करना आवश्यक था। वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान, सीसीआई ने विभिन्न विषयगत क्षेत्रों में योगदान दिया है जिनमें शामिल हैं:

स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के लिए कांडो गांव के सामुदायिक केंद्र, मनाल गांव के माध्यमिक विद्यालय और सीसीआई राजबन टाउनशिप के प्राथमिक विद्यालय में 1 केएल आरओ प्लांट की स्थापना :





सीसीआई तंदूर टाउनशिप, करनकोट में डीएवी हाई स्कूल में सूखे मेवे का वितरण :





मुगलावाला करतारपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में रिवर्स आस्मोसिस (आरओ) प्रणाली की स्थापना :





सीसीआई तंदूर टाउनशिप, करनकोट में डीएवी हाई स्कूल में छात्राओं को सैनिटरी नैपकिन का वितरण :





ओएमएनआई अस्पताल, हैदराबाद के सहयोग से डीएवी हाई स्कूल, सीसीआई तंदूर टाउनशिप, करनकोट में नि:शुल्क बाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया :





सीसीआई राजबन सीमेंट फैक्ट्री द्वारा छछेती ग्राम पंचायत में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय निवासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की गई :





बोकाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दिल्लई राज्य औषधालय, हिडिपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और डिफू मेडिकल कॉलेज, डिफू में वाटर गीजर की सुविधा :





बोकाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बोकाजन में ईसीजी मशीन की स्थापना

बोकाजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दिल्लई राज्य औषधालय और हिडिपी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रेफ्रिजरेटर की स्थापना

सीएसआर 2023–24 के लिए, कंपनी ने अपैरल मेड–अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल (एएमएचएसएससी) के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम में भी योगदान दिया है।

11. महिला कल्याण:

कंपनी ने सदैव समानता की संस्कृति निर्मित करने का प्रयास किया है जिसने महिलाओं को संगठन के सभी क्षेत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस संस्कृति ने उनकी सोच में एक आंतरिक बदलाव लाया है ताकि उनके कार्य अलग और बेहतर हो सकें जिससे उन्हें और संगठन को आगे बढ़ने में मदद मिली है। महिला कर्मचारियों को निगम की सभी इकाइयों/कार्यालयों में सभी वैधानिक और अन्य लाभ प्रदान किए जाते हैं।

महिला कर्मचारियों के हितों की रक्षा और सुरक्षा करने तथा सुरक्षित कार्यस्थल के निर्माण करने के लिए यौन उत्पीड़न निवारण (पीओएसएच) अधिनियम के अनुरूप एक समिति गठित की गई है। यह समिति यौन उत्पीड़न नीति से संबंधित मुद्दों को संबोधित करती है, समय–समय पर कंपनी की यौन उत्पीड़न नीति की समीक्षा करती है और कर्मचारियों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जागरूक करती है। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान, समिति को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

सभी महिला कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सहित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 हर्शोल्लास से मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, पीओएसएच अधिनियम पर एक सत्र आयोजित किया गया और साथ ही 'भारत में महिलाओं के संविधान और कानूनी प्रावधान और अधिकार' पर एक व्याख्यान भी दिया गया। सीसीआई की सभी इकाइयों में गठित महिला क्लब, महिलाओं के लिए विभिन्न सामाजिक और मनोरंजन गतिविधियों का आयोजन करता है और महिलाओं से संबंधित किसी भी मुद्दे पर प्रकाश डालता है। निगम समय–समय पर महिला क्लब को व्यावसायिक और कंप्यूटर साक्षरता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बुनियादी ढाँचा तथा अन्य वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है ताकि महिलाओं को बढ़ावा दिया जा सके और साथ ही माँ और बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल की जा सके।

कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के पालन के भाग के रूप में, पीओएसएच अधिनियम, 2013 के बारे में एक सत्र आयोजित किया गया ताकि सभी को सम्मानजनक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए ज्ञान और उपकरणों से परिपूर्ण किया जा सके:





निगमित कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह और नई प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। दिन में पीओएसएच अधिनियम पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया और पीओएसएच विशेषज्ञ सुश्री भयाना द्वारा प्रेरक कहानियाँ साझा की गईं:





अगस्त के महीने में महिला समानता दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए:





12. शिकायत निवारण तंत्र

भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुपालन में, सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अपने निगमित कार्यालय और इकाइयों में कर्मचारियों की शिकायतों का समय पर समाधान सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र का गठन किया है।

कर्मचारी वेतन संबंधी मामलों, कार्य स्थितियों, छुट्टी, कार्य असाइनमेंट और कल्याण सुविधाओं आदि से संबंधित किसी भी समय शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत की प्रकृति के आधार पर, समिति यह सुनिश्चित करती है कि सभी शिकायतों को संबोधित किया जाए और इन्हें अनौपचारिक रूप से हल किया जाए। सीसीआई की शिकायत प्रणाली व्यापक, सरलीकृत और लचीली है जिसने कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच मधुर संबंधों को बढ़ावा देने में प्रभावशीलता दिखाई है ओर जिसके परिणामस्वरूप, पहले से अच्छी उत्पादकता प्राप्त हुई है।

13. पारिश्रमिक नीति

सीसीआई में, अधिकारियों के लिए वेतन और अन्य लाभ भारी उद्योग मंत्रालय तथा लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी राष्ट्रपति के निर्देशों पर आधारित हैं।

दिनांक 01.01.2017 से प्रभावी सीपीएसई के बोर्ड स्तर और बोर्ड स्तर से नीचे के अधिकारियों और गैर–संघीकृत पर्यवेक्षकों के वेतन संशोधन के संबंध में डीपीई द्वारा जारी का. ज्ञा. संख्या डब्ल्यू–02/0028/2017–डीपीई (डब्ल्यूसी)–जीएल–ग्ग्ग्/17 दिनांक 03.08.2017, का. ज्ञा. डब्ल्यू–02/0028/2017–डीपीई (डब्ल्यूसी)–जीएल–ग्ट/17 दिनांक 04.08.2017 और का. ज्ञा. संख्या डब्ल्यू.02/0028/2017–डीपीई (डब्ल्यूसी)–जीएल–ग्टप्/17 दिनांक 07.09.2017 दिशानिर्देशों के अनुसार एमएचई ने दिनांक 01.09.2023 को दिनांक 01.01.2017 से वेतन संशोधन को काल्पनिक रूप से प्रभावी करने तथा दिनांक 01.04.2023 से वास्तविक रूप से लागू करने के लिए राष्ट्रपति के निर्देश जारी किए हैं। उक्त आदेश (राष्ट्रपति के निर्देश) को लागू कर दिया गया है।

14. ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा आय और व्यय

कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (एम) के अधीन अपेक्षित ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण, विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय से संबंधित जानकारी अनुलग्नक में दी गई है तथा इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है।

निगम द्वारा शुरू की गई हरित पहल और ऊर्जा बचत परियोजनाओं का विवरण नीचे दिया गया है:

- **रेस्को मॉडल पर राजबन इकाई में 1 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है तथा बोकाजन और तंदूर इकाई में भी ऐसा ही संयंत्र अंतिम चरण में है जो सतत ऊर्जा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है :**







- तंदूर इकाई में फ्लाई ऐश हैंडलिंग सिस्टम स्थापित किया गया है, जिससे विनिर्माण की कार्बन–नकारात्मक प्रक्रिया का उपयोग करके सीमेंट के उत्पादन में फ्लाई ऐश की मात्रा में वृद्धि होगी :



- श्री संजय बंगा, सीएमडी द्वारा तंदूर इकाई में कोल शेड स्पेस फ्रेम संरचना की आधारशिला रखी गई जो कोयले के आधुनिकीकरण और प्रभावी उपयोग की दिशा में हमारी महत्वपूर्ण उपलब्धि है :



- श्री संजय बंगा, सीएमडी ने हॉट एयर डायवर्जन सिस्टम का अनावरण किया जो सीसीआई, राजबन में प्रीहीटर आउटलेट से अपशिष्ट ऊष्मा को कोयला मिल संचालन में उपयोग करता है। ऐसी ही एक प्रणाली बोकाजन यूनिट में रॉ मिल के लिए भी कार्य कर रही है :







- श्री संजय बंगा, सीएमडी ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सीसीआई, राजबन में अत्याधुनिक पल्स जेट बैग हाउस (पीजेबीएच) का उद्घाटन किया :







15. कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति के विकास और कार्यान्वयन से संबंधित विवरण

जोखिम प्रबंधन प्रणाली कॉर्पोरेट और प्रचालन उद्देश्यों के साथ एकीकृत और संरेखित प्रणाली है। जोखिम प्रबंधन सामान्य व्यावसायिक कार्य के हिस्से के रूप में किया जाता है, न कि निर्धारित समय पर अलग कार्य के रूप में।

16. कंपनी द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व पहल पर तैयार कार्यान्वयन नीति का विवरण

आपकी कंपनी ने हमेशा सीएसआर दर्शन के हिस्से के रूप में अपने सामाजिक दायित्वों का इस बाबत निर्वहन किया है कि व्यवसाय और समाज, विकास के लिए भागीदार बन सकते हैं। अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अनुरूप, कंपनी ने गतिविधियों की श्रृंखला बनाकर विभिन्न पहलें की हैं।

17. सतर्कता विभाग की गतिविधियाँ और उपलब्धियाँ।

1. सीवीसी, भारत में सर्वोच्च सत्यनिष्ठा संगठन के रूप में लोक प्रशासन में सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की दिशा में प्रयास करने के लिए विभिन्न पहलों को अपनाता है। इस वर्ष, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 की प्रस्तावना में सीवीसी दिशानिर्देशों के अनुसार, सीसीआई में तीन महीने का अभियान (16 अगस्त 2023 से 15 नवंबर 2023 तक) आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान निवारक सतर्कता उपायों, क्षमता निर्माण, आईओ/पीओ, नैतिकता और शासन, संगठन की प्रणाली और प्रक्रियाएं, साइबर स्वच्छता और सुरक्षा, खरीद आदि पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीओ और इकाइयों के सभी अधिकारियों को इन प्रशिक्षणों के दौरान प्रशिक्षित किया गया और उन्हें सार्वजनिक प्रशासन में पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा की आवश्यकता के बारे में संवेदनशील बनाने हेतु अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

2. सीवीसी के दिशा.निर्देशों के अनुसार, सीसीआई में तीन महीने का अभियान आयोजित किया गया जिसमें निम्नलिखित निवारक सतर्कता उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया :

(क) जनहित प्रकटीकरण और मुखबिरों की सुरक्षा (पीआईडीपीआई) संकल्प के बारे में जागरूकता पैदा करना।

(ख) क्षमता निर्माण कार्यक्रम।

(ग) प्रणालीगत सुधार उपायों की पहचान और कार्यान्वयन।

(घ) शिकायत निवारण हेतु आईटी का लाभ उठाना।

(ङ) परिपत्रों/दिशानिर्देशों/मैनुअल अद्यतन करना।

(च) 30.06.23 से पहले प्राप्त शिकायतों का निपटान।

3. निम्नलिखित विशय पर दिनांक 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक सतर्कता सप्ताह मनाया गया:

"भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"

"Say no to corruption; commit to the Nation"

4. सप्ताह के दौरान सभी तीन इकाइयों और कॉर्पोरेट कार्यालय में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और वादविवाद प्रतियोगिताओं जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। राजबन, बोकाजन और तंदूर संयंत्र के निकटवर्ती गाँवो, संस्थानों और स्कूलों में कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

5. सीसीआई में नियमित निवारक सतर्कता गतिविधियाँ की गईं जैसे भ्रष्टाचार से ग्रस्त क्षेत्रों की पहचान, संवेदनशील पदों की पहचान और संवेदनशील पदों पर अधिकारियों, कर्मचारियों का आवधिक आवर्तन, औचक निरीक्षण, अचल संपत्ति रिटर्न की जाँच और सहमत तथा ओडीआई सूचियां तैयार करना आदि।

6. सीवीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार हमारा संगठन समय–समय पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) को तिमाही निष्पादन रिपोर्ट, सीटीई रिपोर्ट और तिमाही प्रगति रिपोर्ट भेजी जा रही हैं।

श्री निजामुद्दीन (सी.वी.ओ.) ने तंदूर इकाई का दौरा किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संयंत्र के संचालन और महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा करने के लिए चूना पत्थर की खदानों व फैक्ट्री क्षेत्र का निरीक्षण किया :





सी.वी.ओ. ने निगमित कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में भाग लिया जिसमें श्री संजय बंगा, सीएमडी और श्री पी.के. चांद, निदेशक (वित्त) की उपस्थिति में विभिन्न प्रतिस्पधा कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए:







18. ई–खरीद / सत्यनिश्ठा समझौता

संगठन में ई–खरीद सुविधा लागू की गई है। मैसर्स एनआईसी (राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र), नई दिल्ली ई–खरीद पोर्टल के लिए सेवा प्रदाता है।

50000.00 रू (पचास हजार) रुपये से अधिक की निविदाएं एनआईसी / जेम पोर्टल पर ई–निविदा के माध्यम से आमंत्रित की जा रही हैं।

सत्यनिष्ठा संधि लागू की गई है। 10.0 (दस) लाख रुपये से अधिक की सभी निविदाओं के लिए सत्यनिष्ठा संधि के कार्यान्वयन की देखरेख के लिए आईईएम नियुक्त किया गया है।

19. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी में व्यवसाय का व्यवस्थित और कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है जिसमें कंपनी की नीतियों का पालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी की रोकथाम, सटीक एवं त्वरित वित्तीय रिपोर्टिंग, अनुपालन और अच्छे कॉर्पोरेट प्रशासन की दिशा में जोखिम प्रबंधन की प्रभावशीलता में सुधार शामिल है। कंपनी में मुख्य रूप से निम्नलिखित आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली है:

– स्वतंत्र चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्मों द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा

लेखा परीक्षा समिति द्वारा उचित अनुशंसा और कंपनी के निदेशक मंडल से अनुमोदन के उपरांत खुली निविदा / पैनल के आधार पर बाहरी आंतरिक लेखा परीक्षक नियुक्त किए जाते हैं। महत्वपूर्ण लेखा परीक्षा निष्कर्षों की रिपोर्ट समय–समय पर कंपनी प्रबंधन तथा लेखा परीक्षा समिति को प्रस्तुत की जाती है। आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर, संबंधित क्षेत्रों में सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है और इस प्रकार नियंत्रण को मजबूत किया जाता है।

कंपनी में प्रबंधन द्वारा जारी विभिन्न संहिताएं, मैनुअल और प्रक्रियाओं के रूप में पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण उपाय हैं जो सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों को कवर करते हैं, जैसे मार्केटिंग मैनुअल, खरीद और कार्य मैनुअल, सामग्री, भंडार, लेखा और व्यक्तिगत मैनुअल आदि। मार्केटिंग मैनुअल को अद्यतन किया जा चुका है और प्रबंधन ने बेहतर जांच एवं नियंत्रण हेतु समय–समय पर अन्य सभी मैनुअल को अद्यतन करने के लिए उपाय किए हैं।

20. ऋण, गारंटी अथवा निवेशों का विवरण

वर्श 2023–24 के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के तहत कोई ऋण, गारंटी अथवा निवेश नहीं किए गए हैं।

21. लेखा परीक्षकों और कार्यरत कंपनी सचिव द्वारा रिपोर्ट में की गई योग्यताओं, आरक्षणों अथवा प्रतिकूल आपत्तियों या अस्वीकरणों पर स्पष्टीकरण या टिप्पणियां:

संविधिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट तथा सचिवीय लेखापरीक्षा रिपोर्ट से संबंधित प्रबंधन का उत्तर निदेशकगणों की रिपोर्ट का अंश है।

22. संबंधी पार्टियों के साथ किए गए अनुबंध अथवा व्यवस्थाओं के विवरण :

समीक्षागत वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 के अंतर्गत यथा परिभाषित संबंधित पार्टियों के साथ कोई अनुबंध अथवा व्यवस्था नहीं की गईं।

23. निदेशकगणों की नियुक्ति, पारिश्रमिक का भुगतान और उनके दायित्वों के निर्वहन से संबंधित कंपनी की नीति :

सीसीआई एक सीपीएसई है जिसमें निदेशकगणों की नियुक्ति, देय पारिश्रमिक तथा भत्तों से संबंधित नीति भारत सरकार द्वारा निर्धारित की जाती है।

24. वार्षिक रिटर्न

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली 2014 के नियम 12 के साथ पठित धारा 92 के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक रिटर्न कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। वार्षिक रिटर्न का यूआरएल https://www.cciltd.in/page.php?id=29 है।

25. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आयोजित बोर्ड बैठकों की संख्या

वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान कंपनी ने दिनांक 28.06.2023, 31.08.2023, 27.09.2023, 09.01.2024 और 17.01.2024 को बोर्ड की 5 (पांच) बैठकें आयोजित की हैं।

26. प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट इस रिपोर्ट के साथ संलग्न है और कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा है।

27. निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड अपना दायित्व विवरण प्रस्तुत करता है :

(क) वार्षिक लेखा तैयार करने में लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है तथा महत्वपूर्ण विचलनों से संबंधित उचित स्पष्टीकरण दिया गया है

(ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन कर उन्हें उपयुक्त ढंग से लागू किया है तथा ऐसे निर्णय और अनुमान लगाए हैं जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी की स्थिति तथा उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ और हानि का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके

(ग) निदेशकों ने कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं की रोकथाम तथा उनका पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखभाल की है

(घ) निदेशकों ने वार्षिक विवरण वर्तमान व्यवसाय के आधार पर तैयार किए हैंय तथा

(ङ) निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रण निर्धारित किए हैं तथा ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं और प्रभावी रूप से कार्य कर रहे हैं। आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों में कंपनी द्वारा अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई नीतियों तथा प्रक्रियाओं से हैं, जिनमें कंपनी की नीतियों का अनुपालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम व उनका पता लगाना, लेखा अभिलेखों की सटीकता, पूर्णता और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी शामिल है।

(च) निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की थीं और ऐसी प्रणालियां पर्याप्त थीं और प्रभावी ढंग से काम कर रही थीं।

28. सहायक कंपनियाँ, संयुक्त उद्यम और सहयोगी कंपनियाँ

कंपनी की कोई सहायक, संयुक्त उद्यम या सहयोगी कंपनी नहीं है।

29. जमाराशि

कंपनी ने वर्ष 2023–24 के दौरान कोई भी जमा स्वीकार नहीं की है और न किसी भी जमा का नवीनीकरण किया है।

30. निदेशक

वर्ष 2023–24 के दौरान निम्नलिखित निदेशकों की नियुक्ति/सेवा समाप्ति की गई:

– सुश्री मुक्ता शेखर, संयुक्त सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय ने दिनांक 12.04.2023 से अंशकालिक आधिकारिक निदेशक (सरकारी नामित) के रूप में बोर्ड में शामिल हुईं।

– डॉ. रेणुका मिश्रा की दिनांक 12.04.2023 से कंपनी के बोर्ड से अंशकालिक आधिकारिक निदेशक (सरकारी नामित) की के रूप में सेवा समाप्त की गई। कंपनी में कार्यकाल के दौरान उनके मार्गदर्शन और योगदान के लिए सराहना करती है।

31. स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

सीसीआई के गैर–आधिकारिक स्वतंत्र निदेशक डॉ. रवींद्र शिवशंकर अराली और डॉ. मंजू बघेल ने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (7) के प्रावधानों के तहत अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की है।

32. डिजिटलीकरण, ई–प्रसंस्करण, बिल ट्रैकिंग, ईआरपी, ऑनलाइन बिक्री मॉड्यूल, ऑनलाइन भविष्य निधि मॉड्यूल, ऑनलाइन प्रदर्शन मूल्यांकन पोर्टल, साइबर सुरक्षा ऑडिट आदि।

सीसीआई में डिजिटलीकरण:

सीसीआई ने पारदर्शिता बढ़ाने और कार्यकुशलता में सुधार लाने के लिए कई पहल की हैं जैसे कार्य, वस्तु एवं सेवाओं की ई–खरीद, ई–ऑफिस, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग समाधान, आदि।

कंपनी द्वारा किए गए नवीनतम अपडेट और जानकारी का कंपनी की वेबसाइट : https://www.cciltd.in पर अवलोकन किया जा सकता है, जिसमें सीसीआई का कंपनी प्रोफाइल/संगठनात्मक इतिहास, विज़न और मिशन, वार्षिक रिपोर्ट, नवीनतम निविदाएं, चित्र दीर्घा, संयंत्र/सीसीआई कार्यालय, एचआरएम/एचआरडी आदि शामिल हैं।

ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल :

सीसीआई वस्तुओं, सेवाओं और कार्यों की आपूर्ति हेतु जेम (गवर्नमेंट ई–मार्केट प्लेस) पोर्टल का उपयोग कर रहा है। तथापि, जेम पोर्टल पर अनुपलब्धता की स्थिति में भारत सरकार के जीईपीएनआईसी सीपीपी ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल का उपयोग किया जाता है। ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल जीईपीएनआईसी एक सुरक्षित और पारदर्शी खरीद प्रणाली है।

ई–मेल:

सीसीआई ने इलेक्ट्रॉनिक मेल की बेहतर सुरक्षा के लिए मेल सर्वर को एनआईसी (भारत सरकार) में स्थानांतरित कर दिया है। अब ईमेल के लिए email.gov.in पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें दोहरी प्रमाणीकरण सुविधा है।

रिकार्ड का डिजिटलीकरण:

आधिकारिक दस्तावेजों के बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन हेतु रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण पहल आरंभ की गई है।

विक्रेता के लिए बिल ट्रैकिंग सिस्टम :

सीसीआई ने विक्रेताओं की मदद के लिए 'ऑनलाइन बिल ट्रैकिंग सिस्टम' के लिए सीसीआई की आधिकारिक वेबसाइट पर एक लिंक प्रदान किया है।

ईआरपी:

सूचना प्रणालियों और डेटा सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन हेतु टैली ईआरपी 9 से एसएपी बिजनेस वन ईआरपी सिस्टम में स्थानांतरित करने की परियोजना शुरू की गई है। सिस्टम परीक्षण चरण में है।

श्री संजय बंगा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा एसएपीबी1 सॉफ्टवेयर का 'गो लाइव' कार्यक्रम शुरू किया गया:



ऑनलाइन बिक्री मॉड्यूल:

सीसीआई वेबसाइट में ऑनलाइन बिक्री मॉड्यूल उपलब्ध है जिसमें ग्राहक सीधे संयंत्र से सीमेंट खरीदने का अनुरोध कर सकता है।

ऑनलाइन भविष्य निधि मॉड्यूल :

सीसीआई ने कर्मचारियों की सुविधा हेतु इंट्रानेट वेबसाइट पर पीएफ ऑनलाइन मॉड्यूल लागू किया है।

ऑनलाइन प्रदर्शन मूल्यांकन पोर्टल:

ऑनलाइन प्रदर्शन मूल्यांकन प्रणाली का उपयोग पारदर्शिता और सुव्यवस्थित करने के लिए किया जा रहा है।

साइबर सुरक्षा ऑडिट:

ऑनलाइन पोर्टल में आईटी सुरक्षा भेद्यता को कम करने के लिए साइबर सुरक्षा ऑडिट भी शुरू किया गया है। पैरामीटर स्तर की सुरक्षा के लिए सीसीआई की तंदूर इकाई में केंद्रीकृत फ़ायरवॉल लगाया किया गया है।

सीसीआई लिमिटेड ने साइबर धोखाधड़ी का पता लगाने और इसकी रोकथाम करने के लिए विभिन्न आईटी उपकरणों का प्रदर्शन कर कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने के लिए श्री पी.के. गुप्ता, सीनियर डी (आईटी) और एचओडी, एमएचआई, एनआईसी द्वारा निगमित कार्यालय में 'साइबर स्वच्छता और सुरक्षा' पर एक सत्र आयोजित किया :





33. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 लागू करना

आपकी कंपनी ने हमेशा सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 को अक्षरशः लागू करने का प्रयास किया है। कंपनी ने आरटीआई अधिनियम की धारा 5 और धारा 19(1) के तहत जन सूचना अधिकारी (पीआईओ) और अपीलीय प्राधिकारी तथा पारदर्शिता अधिकारी नामित किया है। कंपनी के सभी संयंत्रों और इकाइयों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है।

कंपनी की वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध होने के साथ एक विशेष आरटीआई कॉर्नर भी उपलब्ध है। प्राधिकरणों, पीआईओ, प्रथम अपीलीय प्राधिकारी और पारदर्शिता अधिकारी का विवरण भी कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।

34. विदेशी विनिमय आय और व्यय :

हमें विभिन्न पक्षों से समय–समय पर निर्यात संबंधी प्रश्न मिलते हैं। हमारे संयंत्रों के लिए स्थान संबंधी असुविधा के कारण, जो समुद्री बंदरगाहों से दूर हैं, संयंत्रों से निकटतम समुद्री बंदरगाहों तक का अंतर्देशीय भाड़ा अधिक होता है। इस कारण हमारे एफओबी मूल्य प्रतिस्पर्धी नहीं होते हैं। अवसर का लाभ उठाने के लिए निर्यात पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमेंट का पूरा उत्पादन घरेलू बाजार में बेचा जा रहा है।



35. लेखा परीक्षक:

सांविधिक लेखा परीक्षक

वर्ष 2023–24 के लिए राजबन इकाई के लिए मैसर्स पीवीआरएन एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट दिल्ली को प्रधान सांविधिक लेखा परीक्षक और शाखा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है तथा मैसर्स के पी सारदा एंड कंपनी और मेसर्स कार्वी एंड कंपनी को शाखा लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और उस पर उत्तर तथा भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ इस रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

लागत लेखा परीक्षक

वर्ष 2023–24 के लिए मैसर्स एचएमवीएन एंड एसोसिएट्स, लागत लेखाकार, को निगम के प्रमुख लागत लेखा परीक्षक और राजबन के लागत लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है जबकि मैसर्स बंद्योपाध्याय भौमिक एंड कंपनी, बोकाजान के लिए लागत लेखाकार और मैसर्स पीकेआर एंड एसोसिएट्स एलएलपी, तंदूर इकाई के लिए लागत लेखाकार नियुक्त किए गए हैं।

सचिवीय लेखा परीक्षक

कंपनीज़ (प्रबंधकर्मी नियुक्ति एवं पारिश्रमिक) नियम, 2014 के साथ पठित अधिनियम की धारा 204 के प्रावधानों के अनुसार, बोर्ड ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी का सचिवीय लेखा परीक्षण करने के लिए मैसस अमित अग्रवाल एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, नई दिल्ली को सचिवीय लेखा परीक्षक नियुक्त किया है। सचिवीय लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट अनुलग्नक के रूप में संलग्न है। सचिवीय लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में की गई टिप्पणियों के संबंध में आपके निदेशकों ने निम्नानुसार स्पष्ट किया है: (i) 2023–24 के दौरान लेखा परीक्षा समिति की कुल छह बैठकें आयोजित की गईं, यद्यपि, अनुपालन के लिए इन्हें नोट किया गया है। (ii) सुझाव के अनुसार वित्त विभाग द्वारा बैंकों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है।

36. लेखापरीक्षा समिति की संरचना का खुलासा और सतर्कता तंत्र प्रदान करना

कंपनी की लेखापरीक्षा समिति में निम्नलिखित निदेशक शामिल हैं:

क. डॉ. रवींद्र शिवशंकर अराली, स्वतंत्र निदेशक – अध्यक्ष
ख. डॉ. मंजू बघेल, स्वतंत्र निदेशक – सदस्य
ग. श्री जोसेफ अतुल टी. बारला, निदेशक (सरकारी नामित) – सदस्य

कंपनी में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित व्हिसल ब्लोअर नीति है। कंपनी ने कर्मचारियों और निदेशकों को अपनी चिंता व्यक्त करने पर उत्पीड़न के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा उपाय भी प्रदान किए हैं। कंपनी ने लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधी पहुंच भी प्रदान की है जो कर्मचारियों और कंपनी के हितों से संबंधित मुद्दों की रिपोर्टिंग के लिए कंपनी की व्हिसल ब्लोअर नीति के तहत सक्षम प्राधिकारी हैं। व्हिसल ब्लोअर नीति कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट www.cciltd.in पर अपलोड की गई है।

37. आभार

बोर्ड आपके निगम को भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय से प्राप्त समर्थन और मार्गदर्शन तथा रेल मंत्रालय, पीईएसबी, वित्तीय संस्थाओं, बैंकरों और अन्य केंद्रीय एवं राज्य सरकार के विभागों से प्राप्त समर्थन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है। हम सीसीआई के उत्पादों को उनके निरंतर सशक्त समर्थन के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में अपने सम्मानित ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

निदेशकगण मैसर्स पीवीआरएन एंड कंपनी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक तथा लेखा परीक्षा, उद्योग और कॉर्पोरेट मामलों के प्रधान निदेशक के आभारी हैं। निदेशकगण निगम के कर्मचारियों के समर्पण के लिए भी हार्दिक प्रशंसा व्यक्त करते हैं।

बोर्ड के लिए और उनकी ओर से

ह/–
(संजय बंगा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

डीआईएन : 09353339

दिनांक : 30.09.2024

स्थान : नई दिल्ली



कंपनी (लेखा) नियमावली 2014 के नियम 8(3) के अंतर्गत अपेक्षित निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत विवरण।

क. ऊर्जा संरक्षण

(I) ऊर्जा संरक्षण के लिए उठाए गए कदम अथवा प्रभाव :

- ऊर्जा का नुकसान कम करने के लिए अकुशल मोटरों/मरम्मत की गई मोटरों को ऊर्जा कुशल मोटर जैसे प्रीहीटर पंखे, कूलर पंखे की मोटरों से बदला गया।
- पावर ट्रांसफॉर्मर को ओएलटीसी तथा एवीआर से और डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर को बेहतर ट्रांसफॉर्मर से बदला गया
- कॉलोनी और प्लांट में पारंपरिक बल्ब/ट्यूबों को एलईडी लैंप से बदला गया
- पारंपरिक पंखों के स्थान पर ऊर्जा कुशल सीलिंग पंखे लगाए गए।
- इंटरलॉक और अनुवीक्षण प्रदान करके उपकरणों के निष्क्रिय संचालन में कमी
- पावर फैक्टर को बेहतर बनाने के लिए एपीएफसी पैनल की स्थापना
- एलटी मोटर कनेक्शन को डेल्टा से स्टार में बदलना
- सीमेंट मिल और रॉ मिल के ईएसपी के लिए कुशल नियंत्रण पैनल की स्थापना
- बरसात के मौसम में क्लिन के सुचारू संचालन और अतिरिक्त कोयले की खपत से बचने के लिए कोल शेड की स्थापना के प्रस्ताव को अंतिम रूप दिया गया।
- कोयला सुखाने के लिए प्रीहीटर फैन आउटलेट से बेकार गर्म गैसों को कोल मिल इनलेट में डायवर्ट किया गया। कोयले की खपत कम हो गई।

(II) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को उपयोग करने के लिए कंपनी द्वारा उठाए गए कदम

- सीसीआई–राजबन इकाई में आरईएससीओ मॉडल के तहत 1 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है।

- आरईएससीओ मॉडल के तहत 1 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट सीसीआई–बोकाजन में निविदा चरण में है और 6 मेगावाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट को सीसीआई–तंदूर में अंतिम रूप दिए जाने की प्रक्रिया में है।

(III) ऊर्जा संरक्षण उपकरणों पर पूंजी निवेश।

सीसीआई ने दक्षता में सुधार और घाटे को कम करने के लिए विभिन्न ऊर्जा संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए 344 लाख रुपये का निवेश किया है।

ख) प्रौद्योगिकी अवशोषण

(i) प्रौद्योगिकी अवशोषण के प्रति निम्नलिखित प्रयास किए गए :–

क) सीमेंट मिलों, क्लिन बेल्ट बकेट एलिवेटर आदि के लिए ऊर्जा कुशल मोटरें लगाई गईं।

ख) 132 वोल्टेज स्तर के लिए एमओसीबी के स्थान पर एसएफ6 प्रकार के स्विचिंग ब्रेकर लगाए गए।

ग) ऑयल सर्किट ब्रेकर के स्थान पर नया वैक्यूम सर्किट ब्रेकर लगाया गया।

घ) 7 एमवीए क्षमता के ट्रांसफॉर्मर के लिए आरटीसीसी पैनलों से वोल्टेज अनुकूलन और सिंक्रोनाइजेशन के लिए एवीआर स्थापित किया गया।

ड) ईएसपी के स्थान पर पल्स जेट बैग हाउस स्थापित किया गया। इससे हवा में सामग्री की बर्बादी कम हुई है और साथ ही प्रदूषण का स्तर भी कम हुआ है।

(ii) उत्पाद सुधार, लागत में कमी, उत्पाद विकास या आयात प्रतिस्थापन जैसे लाभ प्राप्त हुए।

(क) ताप ऊर्जा संयंत्र के अपशिष्ट पदार्थों के उपयोग के लिए फ्लाई ऐश की मात्रा बढ़ाने और उत्पादन की लागत को कम करने के लिए ड्राई फ्लाई ऐश फीडिंग सिस्टम की स्थापना।

(ख) वीसीबी, एवीआर आदि की स्थापना जैसी प्रौद्योगिकी के उपयोग से प्लांट के संचालन में सुधार हुआ जिससे उत्पादकता में वृद्धि हुई।

(iii) आयातित प्रौद्योगिकी के मामले में (वित्तीय वर्ष की शुरुआत से पिछले तीन वर्षों के दौरान आयातित) : शून्य

(क) आयातित प्रौद्योगिकी का ब्यौरा : लागू नहीं
(ख) आयात का वर्ष : लागू नहीं
(ग) क्या प्रौद्योगिकी पूरी तरह से अवशोषित हो गई है : लागू नहीं
(घ) यदि पूरी तरह से अवशोषित नहीं हुई, तो वे क्षेत्र और कारण जहां अवशोषण नहीं हुआ : लागू नहीं

(iv) अनुसंधान और विकास कार्यों पर व्यय : लागू नहीं

डीजीएमएस, गुवाहाटी क्षेत्र के अंतर्गत रेडिसन ब्लू होटल गुवाहाटी में आयोजित 20वें उत्तर पूर्व धातु खान सुरक्षा सप्ताह 2023–24 का सफल समापन। इस अवसर पर श्री संजय बंगा, सीएमडी, श्री पी.के. चांद, निदेशक (वित्त) और मुख्य अतिथि श्री एस.एस. प्रसाद, डीडीजी, डीजीएमएस की उपस्थिति हमारे लिए गौरव का विशय है :





अनुलग्नक क

सीएसआर गतिविधियाँ

1 कंपनी की सीएसआर नीति की संक्षिप्त रूपरेखा जिसमें प्रस्तावित परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों का अवलोकन और सीएसआर नीति के वेब लिंक का संदर्भ शामिल है:

सीसीआई की सीएसआर और स्थिरता नीति की परिकल्पना 'ऐसे परियेाजना क्षेत्रों के समुदायों और हितधारकों के जीवन की गुणवत्ता को स्थायी रूप से बेहतर बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाकर अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के रूप में की गई है, जहां यह काम कर रही है'।

सीसीआई अपनी सीएसआर और स्थिरता नीतियों और गतिविधियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII और भारत सरकार के लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार सुझाई गई गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए अपने लक्ष्यों, योजनाओं और कार्यनीतियों के साथ एकीकृत और संरेखित करती है। सीएसआर और स्थिरता गतिविधियों को सभी स्तरों पर कर्मचारियों द्वारा अपनाया जाएगा और इसे सीसीआई की सभी गतिविधियों, प्रक्रियाओं, संचालन और लेनदेन में शामिल किया जाना चाहिए।

2 (I) नेटवर्थ – 221.61 करोड़

(II) कारोबार – 416.05 करोड़

(III) शुद्ध लाभ – 95.05 करोड़

(IV) सीएसआर प्रयोज्यता का भुद्ध लाभ 5 करोड़ से अधिक करने वाले मापदंड

3 (क) (I) क्या सीएसआर समिति गठित की गई है – हां

(II) सीएसआर समिति गठित करने वाले निदे ाकगणों की संख्या – 03

(III) वर्ष के दौरान आयोजित सीएसआर समिति की बैठकों की संख्या – 02

ग) तंदूर इकाई में, स्टोर और स्पेयर की सूची के अनुसार उपलब्धता और स्थिति वास्तविक सत्यापन करने में लेखापरीक्षक असमर्थ है क्योंकि इन्वेंट्री को पर्याप्त रूप से लेबल या टैग नहीं किया गया था। कुछ स्पेयर पार्ट्स खुले मैदान में बिखरे हुए थे, जिससे स्पेयर पार्ट्स में जंग लगने के कारण वे खराब हो गए। लेखापरीक्षक अस संदर्भ में टिप्पणी करने में असमर्थ है कि 31 मार्च 2024 तक उक्त इन्वेंट्री के मूल्य में हानि अथवा अप्रचलन है या नहीं।

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों (एसए) के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। इन मानकों के तहत हमारे दायित्वों को रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक के दायित्वों में आगे वर्णित किया गया है। हम भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी आचार संहिता के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और कंपनी अधिनियम, 2013 तथा इसके तहत नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय विवरणों के हमारी लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक नैतिक अर्हताओं के अनुसार कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन अर्हताओं तथा आचार संहिता के अनुसार अपने अन्य नैतिक दायित्वों का निर्वहन किया है। हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

विषय पर बल

हम वित्तीय विवरणों में निम्नलिखित टिप्पणियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं

क) कंपनी को माननीय बीआईएफआर के पत्र संख्या 501/96–बेंच IV एसओएल दिनांक 08.08.1996 के तहत बीमार घोषित किया गया था। माननीय बीआईएफआर ने दिनांक 21.03.2006 को आयोजित सुनवाई में मैसर्स आईएफसीआई (ओ) द्वारा तैयार और भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पुनर्वास योजना को मंजूरी दी है। स्वीकृत योजना को माननीय बीआईएफआर ने 03. 05.2006 को परिचालित किया था, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ सुरक्षित और असुरक्षित लेनदारों का निपटान तथा 3 संचालित संयंत्रों का विस्तार/तकनीकी उन्नयन और शेष 7 गैर–संचालन संयंत्रों को बंद करना/बेचना शामिल था। स्वीकृत योजना के अनुसार 7 इकाइयों को बंद कर दिया गया है। एमएचआई ने दिनांक 09.02.2022 के पत्र के माध्यम से इन गैर–संचालन इकाइयों के संयंत्र और मशीनरी, स्टोर आदि को बेचने का निर्देश दिया। तदनुसार, अकालतारा, चरखी दादरी, कुरकुंटा और मंधार इकाइयों की संयंत्र, मशीनरी तथा अन्य परिसंपत्तियां

मैसर्स एमएसटीसी के माध्यम से बेची जा चुकी हैं जबकि अन्य संयंत्रों की बिक्री प्रगति पर है।

ख)

i) कुरकुंटा इकाई के संयंत्र और मशीनरी की 53.00 करोड़ रुपये में बिक्री मैसर्स एमएसटीसी (भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से 'जहां है, जैसा है आधार पर' की गई है। इन परिसंपत्तियों की बिक्री से अर्जित लाभ को 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 31एए में असाधारण आय के रूप में दर्शाया गया है।

ii) मंधार इकाई के संयंत्र और मशीनरी की 55.64 करोड़ रुपये में बिक्री मैसर्स एमएसटीसी (भारत सरकार का उपक्रम) के माध्यम से 'जहां है, जैसा है आधार पर' की गई है। इन परिसंपत्तियों की बिक्री से अर्जित लाभ को 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणों की टिप्पणी सं. 31एए में असाधारण आय के रूप में दर्शाया गया है।

ग) दिशानिर्देशों के अनुसार, दिनांक 29.05.2017 को डीपीई द्वारा जारी आईडीए कर्मचारियों को तीसरे वेतन संशोधन जारी कर दिए गए हैं। प्रचलित प्रक्रिया के अनुसार, 'निदेशक मंडल' की संस्तुतियों को अनुमोदन हेतु एमएचआई को भेज दिया गया है। डीएचआई से आवश्यक अनुमोदन मिल गया है जिसे मौजूदा वित्तीय वर्ष में लागू किया जा चुका है।

घ) वित्तीय विवरण की टिप्पणी संख्या 34.19 में यथा उल्लिखित के अनुसार कंपनी ने मैसर्स एसएआईएल के मामले में मंधार यूनिट के बहीखातों में 7.95 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। एसएआईएल को देय ऐसी राशि के विरुद्ध सीसीआई की अपील को दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। सीएजी ने दिनांक 31.03.2023 को समाप्त वर्ष के वित्तीय विवरणों में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6) (बी) के तहत भी टिप्पणी की थी।

ड़) टिप्पणी संख्या 11ए और 31बी जिसमें कंपनी ने 14.93 करोड़ की राशि के कुछ स्पेयर और स्टैंड–बाई उपकरणों पर पूंजीकरण तथा मूल्यह्रास की गणना की है जिन्हें मूल रूप से (वित्त वर्ष 2016–17 से वित्त वर्ष 2022–23 तक) की अवधि के दौरान लाभ–हानि के विवरण में उलट कर पूर्वावधि की वस्तुओं के तहत खुलासा करके चार्ज किया गया था। जैसा कि प्रबंधन द्वारा समझाया गया है, ऐसे स्पेयर और स्टैंड–बाई उपकरणों को संशोधित एएस–10–पीपीई (2016 से प्रभावी) पर विचार करते हुए चालू वर्ष के दौरान वित्त वर्ष 2016–17 से पूर्वव्यापी प्रभाव से पूंजीकृत किया गया है, जिसके लिए पीपीई के घटकीकरण की आवश्यकता होती है। यद्यपि, हमारी राय में, कंपनी को तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर मौजूदा परिसंपत्तियों के घटकीकरण पर भी विचार करना चाहिए।

इन मामलों के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है।

वित्तीय विवरण और उन पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट अतिरिक्त अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य जानकारी तैयार करने के लिए जिम्मेदार है। अन्य जानकारी में बोर्ड की रिपोर्ट में शामिल सूचना शामिल है, जिसमें बोर्ड की रिपोर्ट के अनुलग्नक, व्यवसाय दायित्व रिपोर्ट सम्मिलित है किंतु इसमें वित्तीय विवरण और उस पर हमारे लेखापरीक्षक की रिपोर्ट शामिल नहीं है।

वित्तीय विवरणों पर हमारी राय में अन्य जानकारी भाामिल नहीं है और हम इस पर किसी भी प्रकार का आश्वासन निष्कर्ष व्यक्त नहीं करते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में हमारा दायित्व है कि हम अन्य जानकारी को पढ़ें और ऐसा करते समय, इस बात पर विचार करें कि क्या अन्य जानकारी स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों अथवा हमारी लेखापरीक्षा के दौरान प्राप्त ज्ञान के अनुसार भौतिक रूप से असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है। हम अपने निश्पादित कार्य के आधार पर निष्कर्ष निकालते हैं कि इस अन्य जानकारी में कोई भौतिक रूप से गलत विवरण है, तो हमारे लिए उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। इस संबंध में हमें रिपोर्ट करने के लिए कुछ भी नहीं है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन का दायित्व

कंपनी का निदेशक मंडल इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की तैयारी के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 134(5) में वर्णित मामलों के लिए उत्तरदायी है जो कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 में निर्दिष्ट लेखांकन मानकों सहित भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति,



वित्तीय प्रदर्शन और नकदी प्रवाह का सही और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं।

इस दायित्व में कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा और धोखाधड़ी तथा अन्य अनियमितताओं को रोकने तथा उनका पता लगाने के लिए अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा अभिलेखों का रखरखाव, लेखांकन नीतियों के उचित कार्यान्वयन और रखरखाव का चयन, उपयोग, उचित एवं विवेकपूर्ण निर्णय और अनुमान लगाना, पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो वित्तीय विवरणों की तैयारी और प्रस्तुति के लिए प्रासंगिक लेखांकन अभिलेखों की सटीकता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से कार्य कर रहे थे, और सही एवं निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करते हैं तथा धोखाधड़ी अथवा त्रुटि के कारण होने वाले भौतिक गलत बयानों से मुक्त हैं।

वित्तीय विवरण तैयार करते समय, निदेशक मंडल कंपनी की चालू व्यवसाय के रूप में जारी रहने की क्षमता का आकलन करने, जहां लागू हो, वर्तमान व्यवसाय से संबंधित मामलों का प्रकटन करने तथा लेखांकन के मौजूदा व्यवसाय आधार का उपयोग करने के लिए जब तक उत्तरदायी है जब तक कि निदेशक मंडल कंपनी को समाप्त करने या परिचालन बंद करने का इच्छुक न हो अथवा ऐसा करने के अतिरिक्त उसके पास कोई वास्तविक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए भी उत्तरदायी है।

वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण समग्र रूप से भौतिक गलतबयानी से मुक्त हैं, भले ही ऐसा धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, साथ ही लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना भी है जिसमें हमारी राय शामिल हो। उचित आ वासन उच्च स्तरीय आश्वासन होता है, किंतु यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुसार संपन्न लेखापरीक्षा सदैव विद्यमान भौतिक गलतबयानी का पता लगा सके। गलतबयानी धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण उत्पन्न हो सकती है और उन्हें भौतिक तब माना जाता है जब इनसे व्यक्तिगत या समग्र तौर पर वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं द्वारा लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित करने की उचित रूप से अपेक्षा की जा सके।

हमारा दायित्व है कि हम अपनी लेखापरीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपनी राय व्यक्त करें।

हमने अधिनियम के प्रावधानों, लेखांकन और लेखापरीक्षा मानकों तथा उन विषयों को ध्यान में रखा है जिन्हें अधिनियम और इसके तहत निर्मित नियमों के प्रावधानों के अंतर्गत लेखापरीक्षा रिपोर्ट में शामिल किया जाना आवश्यक है।

हमने अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्दिष्ट लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार लेखापरीक्षा की है। इन मानकों के अनुसार हमें नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन तथा लेखापरीक्षा की योजना बनाकर उसे निष्पादित करना चाहिए ताकि इस बारे में उचित आ वासन प्राप्त किया जा सके कि वित्तीय विवरण में कोई महत्वपूर्ण गलतबयानी नहीं है।

लेखापरीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों के विशय में लेखापरीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं निष्पादित करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के भौतिक गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, भले ही वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो। जोखिम आकलनों के लिए लेखापरीक्षक कंपनी के वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए प्रासंगिक आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर विचार करता है जो परिस्थितियों में उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए सत्य और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करता है। लेखापरीक्षा में उपयोग की जाने वाली लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और कंपनी के निदेशकगणों द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना के साथ–साथ वित्तीय विवरणों की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन करना भी शामिल है।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य, वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने हेतु पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

अन्य मामले

हमने कंपनी के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में शामिल 4 (चार) शाखाओं के वित्तीय विवरणोंकी लेखापरीक्षा नहीं की है जिनके वित्तीय विवरणों/वित्तीय सूचनाओं में 31 मार्च 2024 तक 350.71 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति और उस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए 359.99 करोड़ रुपये (कुल राजस्व का लगभग 74.57 प्रतिशत) का कुल राजस्व शामिल है। इन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा उन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और जहाँ तक शाखाओं के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटनों का संबंध है, हमारी राय पूरी तरह से इन शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

हमने कंपनी के कुछ महत्वपूर्ण वित्तीय संकेतकों की जांच की है जैसे इन्वेंट्री होल्डिंग अनुपात, मॉजूदा अनुपात, बिक्री ग्राफ, लेखापरीक्षा मानक (एसए) 570 (संशोधित) (गोइंग कंसर्न) में निर्धारित मानव शक्ति में कमी इत्यादि और विदित हुआ कि इनसे वित्त वर्ष 2019–20 तक कंपनी के बारे में नकारात्मक आंकड़े प्रतीत नहीं हुए हैं, और सभी वित्तीय संकेतकों ने वित्त वर्ष 2020–21 से सकारात्मक छवि प्रकटल की है। इस प्रकार वित्त वर्ष 2023–24 के लिए रिपोर्ट करने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं है।

उपरोक्त के संबंध में हमारी राय संशोधित नहीं है।

अन्य कानूनी और विनियामक अर्हताओं पर रिपोर्ट

1. अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (11) के अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश, 2020 ('आदेश') की अर्हता के अंतर्गत तथा कंपनी की बहीखातों एवं अभिलेखों की ऐसी जाँच के आधार पर जैसा हमने उचित समझा और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार हम 'अनुलग्नक क' में उक्त आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में निर्दिष्ट मामलों पर कथन करते हैं।

2. हम अधिनियम की धारा 143(5) के अनुसार, कंपनी के बहीखातों तथा अभिलेखों की जांच के आधार पर और भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों एवं उपनिर्देशों पर अनुलग्नक ;पद्ध में हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार अपनी रिपोर्ट संलग्न कर रहे हैं।

3. अधिनियम की धारा 143 (3) के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

   क. हमने वह सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए आवश्यक थे।

   ख. हमारी राय में, कंपनी ने कानून द्वारा अपेक्षित उचित लेखा पुस्तकें रखी हैं जैसा कि इन पुस्तकों की हमारी जांच से पता चलता है तथा जिन शाखाओं में हमने दौरा नहीं किया है, वहां हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनों के लिए पर्याप्त रिटर्न प्राप्त हुए हैं।

   ग. कंपनी के शाखा कार्यालयों के खातों पर शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा अधिनियम की धारा 143(8) के अंतर्गत लेखापरीक्षित रिपोर्टें हमें भेजी गई हैं और इस रिपोर्ट को तैयार करने में हमारे द्वारा उचित रूप से कार्यवाही की गई है।

   घ. इस रिपोर्ट में प्रस्तुत तुलन पत्र, लाभ–हानि विवरण, तथा नकदी प्रवाह विवरण, लेखा पुस्तकों और रिटर्न के अनुरूप हैं।

   ड़. हमारी राय में, उपर्युक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्दिष्ट लेखांकन मानकों का अनुपालन करते हैं।

   च. सरकारी कंपनी होने के नाते, भारत सरकार के कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून 2015 के अनुसार, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 की उपधारा (2) के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

   ज. कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की परिचालन प्रभावशीलता के संबंध में ए कृपया 'अनुलग्नक ख' में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

   झ. कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियमावली 2014 के नियम 11 के अनुसार लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में शामिल किए जाने वाले अन्य मामलों के संबंध में हमारी राय और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसारः

   i. कंपनी ने अपने वित्तीय विवरणों में लंबित मुकदमों के कारण वित्तीय स्थिति पर पड़ने वाले प्रभाव का प्रकटन किया है (वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणी संख्या 32 देखें।

   ii. कंपनी के पास व्युत्पन्न अनुबंधों सहित कोई भी दीर्घकालिक अनुबंध नहीं था जिसके कारण



किसी प्रकार की पूर्वानुमानित हानि हुई हो।

iii. कंपनी अधिनियम, 2013 और इसके तहत निर्मित नियमों के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार कंपनी द्वारा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि में कोई राशि अंतरित किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

iv. क) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, खातों में टिप्पणियों में सूचित के अतिरिक्त, कंपनी द्वारा किसी अन्य व्यक्ति(यो) अथवा संस्था(ओं) को, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('मध्यस्थ') शामिल हैं, कोई भी निधि अग्रिम, ऋण या निवेश अथवा उधार ली गई निधि से या शेयर प्रीमियम से या किसी अन्य स्रोत या निधि के प्रकार से) नहीं दी गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज हो या अन्यथा, कि मध्यस्थ, कंपनी द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं ('अंतिम लाभार्थी') को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधार देगा या निवेश करेगा या अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगा

ख) प्रबंधन ने यह दर्शाया है कि, उसके सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार, खातों की टिप्पणियों में प्रकट किए गए विवरण के अतिरिक्त, कंपनी द्वारा किसी भी व्यक्ति या संस्था (संस्थाओ) से, जिसमें विदेशी संस्थाएं ('वित्तपोषण पार्टी) शामिल हैं, कोई भी निधि प्राप्त नहीं की गई है, इस समझ के साथ, चाहे लिखित रूप में दर्ज की गई हो या अन्यथा, कि कंपनी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, वित्त पोषण पक्ष ('अंतिम लाभार्थी') द्वारा या उसकी ओर से किसी भी तरह से पहचाने गए अन्य व्यक्तियों या संस्थाओं को उधार देगी या निवेश करेगी अथवा अंतिम लाभार्थियों की ओर से कोई गारंटी, सुरक्षा या इस तरह की कोई गारंटी प्रदान करेगीय तथा

ग) ऐसी लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं के आधार पर जिन्हें हमने परिस्थितियों में उचित और उपयुक्त माना है, हमारे संज्ञान में ऐसा कुछ भी नहीं आया है, जिससे उन्हें विश्वास हो कि उप–खण्ड (i) और (ii) के अंतर्गत प्रस्तुत अभ्यावेदन में कोई भी भौतिक गलत कथन निहित है।

v वर्ष के दौरान लाभांश की घोषणा या भुगतान करने के लिए इकाई पात्र नहीं है।

vi. हमारी जांच के आधार पर, जिसमें परीक्षण जांच शामिल थी, कंपनी ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने बहीखातों को बनाए रखने के लिए लेखांकन सॉफ़्टवेयर का उपयोग किया है, जिसमें ऑडिट ट्रेल (संपादन लॉग) रिकॉर्ड करने की सुविधा है और यह सॉफ़्टवेयर में दर्ज सभी प्रासंगिक लेनदेन के लिए पूरे वर्ष संचालित है। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा के दौरान हमें ऑडिट ट्रेल सुविधा के साथ छेड़छाड़ का कोई मामला नहीं मिला है।

कृते पीवीआरएन एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन सं. : 004062एन

ह/–
सीए राहुल जिंदल
पार्टनर
एम. नं. 522355

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.08.2024
यूडीआईएन नं. 24522355बीकेईएआरयू1236

अनुलग्नक 'क'

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का अनुलग्नक

(31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सदस्यों को दी गई हमारी सम दिनांकित रिपोर्ट के 'अन्य कानूनी और विनियामक अर्हताओं पर रिपोर्ट' के अंतर्गत पैरा 1 में संदर्भित)

हमारे द्वारा उचित समझी गई जाँच के आधार पर तथा लेखापरीक्षा के दौरान हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, हम रिपोर्ट करते हैं कि :

1. क) अपनी संपत्ति, संयंत्र, उपकरण और अमूर्त परिसंपत्तियों के संबंध में:

A. कंपनी ने 7 गैर–प्रचालन इकाइयों (आदिलाबाद, अकालतारा, चरखी दादरी, कुरकुंटा, मंधार, नयागांव और नयागांव विस्तार) के अतिरिक्त अन्य इकाइयों के लिए संपत्ति, संयंत्र और उपकरण के मात्रात्मक विवरण एवं स्थिति सहित पूर्ण विवरण द ार्शाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रखा है।

एनओयू के संबंध में, हमें कोई अचल संपत्ति रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया गया है, यद्यपि, आंतरिक लेखा परीक्षक के अनुसार यह इकाइयों में उपलब्ध है।

B. हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी अमूर्त परिसंपत्तियों का पूरा विवरण दर्शाते हुए उचित रिकॉर्ड बनाए रख रही है।

ख. जैसा हमें बताया गया है, प्रबंधन द्वारा अपनाए गए सत्यापन के चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार वर्ष के दौरान प्रबंधन द्वारा संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का भौतिक सत्यापन किया गया है जिसमें सभी इकाइयों के लिए उचित अंतराल पर सभी संपत्ति संयंत्र और उपकरणों के भौतिक सत्यापन का प्रावधान है।

ग. शाखा लेखापरीक्षा रिपोर्ट में उल्लिखित कुछ इकाइयों को छोड़कर अचल संपत्तियों के स्वामित्व विलेख कंपनी के नाम पर हैं। कंपनी की भूमि और अन्य संपत्तियों के निम्नलिखित स्वामित्व विलेख अभी निष्पादित होने बाकी हैं। विवरण निम्नानुसार है: .

क्रम सं.	संपत्ति का विवरण	सकल वहन मूल्य	किसके नाम है	क्या प्रोमोटर, निदेशक अथवा उनके रिश्तेदार या कर्मचारी के नाम है?	अवधि–जहां उपयुक्त हो, रेंज दर्शाएं	कंपनी के नाम पर न होने के कारण
1.	मंधार, (1.06 एकड़)	–	–	–	–	–
2.	अकलतारा, (495.75 एकड़)	–	–	–	–	–
3.	भटिंडा, (10.12 एकड़)	5.57	पीएसईबी (गुरुनानक देव थर्मल पॉवर स्टेशन, भटिंडा)	नहीं	1995 से	सीसीआई के नाम समझा गया स्वामित्व



4.	नयागांव, एक मिलियन टन प्लांट तथा सीमेंट ग्राइंडिग यूनिट, दिल्ली (6.74 एकड़)	–	–	–	–	–
5.	नयागांव (0.146 हेक्टेयर)	–	–	–	–	–
6.	मुख्यालय भवन	266.58	लोक उद्यम की स्थायी कान्फ्रेंस	नहीं	1988 से	सीसीआई के नाम माना गया स्वामित्व

टिप्पणी संख्या 34.04 के अनुसार, 10.12 एकड़ (भटिंडा ग्राइंडिंग यूनिट) को छोड़कर भूमि का सकल वहन मूल्य, जहां स्वामित्व विलेख अभी तक निष्पादित नहीं हुए हैं , आज तक निर्धारित नहीं किया गया है।

घ) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर कंपनी ने वर्ष के दौरान अपनी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया है।

ड़) बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम 1988 (1988 का 45) और इसके अंतर्गत नियमों के अधीन कोई भी बेनामी संपत्ति रखने के लिए कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही शुरू नहीं की गई है या लंबित नहीं है।

2. इसकी सूची के संबंध में:

(क) जैसा हमें बताया गया कि बोकाजन, सिलचर और टांडूर इकाइयों के लिए प्रबंधन द्वारा वर्ष के अंत में तैयार माल, अर्ध–तैयार माल और स्टोर, स्पेयर पार्ट्स तथा कच्चे माल की सूची का भौतिक सत्यापन किया गया था। हालांकि गैर–संचालन इकाइयों के लिए सूची की कोई भौतिक सत्यापन रिपोर्ट हमें प्रदान नहीं की गई है। गैर–संचालन इकाइयों के संबंध में इस तरह के सत्यापन की आवृत्ति अनुचित है, प्रबंधन द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और कवरेज पर्याप्त और उचित नहीं थी।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण तथा कंपनी के अभिलेखों की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी ने किसी भी कार्यशील पूंजी सीमा का लाभ नहीं उठाया है, इसलिए इस खंड के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

3. हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वर्ष के दौरान किसी भी कंपनी, फर्म, सीमित देयता भागीदारी या अन्य पक्षों में कोई निवेश नहीं किया है, कोई गारंटी या सुरक्षा प्रदान नहीं की है, अथवा ऋण के रूप में कोई प्रतिभूतित अथवा अप्रतिभूति ऋण या अग्रिम प्रदान नहीं किया है और इसलिए आदेश के इस खंड ;पपपद्ध के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

4. हमारी राय में तथा हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने ऋण देने, निवेश करने तथा गारंटी और प्रतिभूतियां प्रदान करने के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 185 और 186 के प्रावधानों का अनुपालन किया है।

5. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने जमाराशि या जमाराशि मानी जाने वाली राशि स्वीकार नहीं की है। इसलिए, आदेश के खंड ;अद्ध के प्रावधान कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

6. हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148(1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार कंपनी द्वारा तैयार किए गए लागत रिकॉर्ड की व्यापक समीक्षा की है और हमारी राय है कि प्रथम दृष्टया निर्धारित लागत रिकॉर्ड बनाए गए हैं और उन्हें बनाए रखा गया है, सिवाय उन इकाइयों के जो माननीय बीआईएफआर के अनुसार बंद/गैर–संचालन में हैं। हालाँकि, हमने यह निर्धारित करने के लिए इन रिकॉर्डों की विस्तृत जाँच नहीं की है कि वे सटीक अथवा पूर्ण हैं या नहीं।

7. सांविधिक बकाया के संबंध में:

(क) कंपनी के रिकॉर्ड और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी उपयुक्त प्राधिकरणों को निर्विवाद सांविधिक बकाया राशि जमा करने में नियमित रही है, जिसमें भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि, आयकर, स्रोत पर कर कटौती, स्रोतों पर कर संग्रह, व्यावसायिक कर, बिक्री कर, मूल्य वर्धित कर (वैट), सेवा कर, जीएसटी, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, उपकर और अन्य भौतिक

सांविधिक बकाया शामिल हैं। निम्नलिखित निर्विवाद मामलों में, भुगतान देय होने की तिथि से छह महीने से अधिक की अवधि के लिए तुलन पत्र की तिथि को बकाया है:

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, आयकर, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क, बिक्री कर, वैट, उपकर और अन्य भौतिक सांविधिक बकाया के संबंध में देय विवादित राशि 31 मार्च, 2024 तक बकाया थी जिसका विवरण निम्नानुसार है:

बकाया राशि की प्रकृति	कानून की प्रकृति	राशि (लाख रु.)
डूबा हुआ किराया	डूबा हुआ किराया	37.10
रोजगार/व्यावसायिक कर	रोजगार/व्यावसायिक कर	3.09
प्रवेश कर	प्रवेश कर	13.77
वस्तु एवं सेवा कर	वस्तु एवं सेवा कर	6.31
रॉयल्टी	रॉयल्टी	84.63
बिक्री कर	बिक्री कर	1565.53
अधिभार/अतिरिक्त कर	अधिभार/अतिरिक्त कर	4.18
सीमेंट पर उपकर	सीमेंट पर उपकर	16.79
उपहार	उपहार	15.14
आयकर	आयकर	0.40

बकाया राशि की प्रकृति	कानून की प्रकृति	राशि (लाख रु.)
पंचायत कर	पंचायत कर	6.02
उत्पाद शुल्क	उत्पाद शुल्क	349.02
गैर–कृषि कर (एनएएलए कर)	गैर–कृषि कर (एनएएलए कर)	51.13
सेवा कर	सेवा कर	140.36
संपत्ति कर प्रावधान	संपत्ति कर प्रावधान	290.04
देय रॉयल्टी	देय रॉयल्टी	56.32
रॉयल्टी और उपकर	रॉयल्टी और उपकर	0.553
उपहार	उपहार	220.7
जीएसटी	जीएसटी	24.59
बिक्री कर	बिक्री कर	598.35
आयकर	आयकर	6.81

8. हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के पास ऐसा कोई लेनदेन नहीं है जो बहीखाता में दर्ज न हो, और आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) के तहत कर निर्धारण में वर्ष के दौरान आय के रूप में समर्पित या प्रकट किया गया हो, तदनुसार आदेश का खंड ;अपपपद्ध लागू नहीं होता है।

9. (क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने ऋण की मूल राशि और उस पर ब्याज के भुगतान में चूक की है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है :

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार,



ऋण प्रतिभूतियों सहित उधार की प्रकृति	ऋणदाता का नाम	नियत तिथि पर राशि का भुगतान नहीं किया गया	मूलधन अथवा ब्याज	विलंबित अथवा अवैतनिक दिवसों की संख्या	टिप्पणी, यदि कोई है
ब्याज मुक्त ऋण	भारत सरकार	150.90 करोड़	मूलधन	2011 से अर्थात 4748 दिवस	-
अनियोजित ऋण	भारत सरकार	123.85 करोड़	ब्याज	2011 से अर्थात 4748 दिवस	-

(ख) कंपनी किसी भी बैंक या वित्तीय संस्थान या अन्य ऋणदाता द्वारा जानबूझकर चूककर्ता घोषित नहीं की गई है।

(ग) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई सावधि ऋण नहीं लिया है और वर्ष के प्रारंभ में कोई अप्रयुक्त सावधि ऋण नहीं है, इसलिए आदेश के इस खंड ;पगद्ध ;ईद्ध के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(घ) कंपनी ने वर्ष के दौरान कोई अल्पकालिक निधि नहीं जुटाई है, इसलिए आदेश के इस खंड ;पगद्ध के अंतर्गत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(ड़) वर्ष के दौरान कंपनी की कोई सहायक कंपनी या सहयोगी कंपनी अथवा संयुक्त उद्यम नहीं था, इसलिए आदेश के खंड ;पगद्ध (ई) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(च) कंपनी ने वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर कोई ऋण नहीं लिया हैए इसलिए आदेश के इस खंड ;पगद्ध (एफ) के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

10.

(क) कंपनी कोई भी प्रतिभूति (ऋण उपकरणों सहित) जारी करने के लिए पात्र नहीं है और इसलिए आदेश के इस खंड ;गद्ध ;कद्ध के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

(ख) कंपनी शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर (पूरी तरह या आंशिक रूप से या वैकल्पिक रूप से) का कोई अधिमान्य आवंटन या निजी प्लेसमेंट करने के लिए पात्र नहीं है और इसलिए आदेश के इस खंड ;गद्ध ;खद्ध के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं है।

11.

(क) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, लेखापरीक्षा के दौरान कंपनी अथवा उसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर कोई भी भौतिक धोखाधड़ी का मामला प्रका ा में नहीं आया है और इस बाबत कोई की गई है। तदनुसार, कंपनी पर आदेश के इस खंड ;गपद्ध ;कद्ध के तहत रिपोर्टिंग लागू नहीं होती है।

(ख) हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी अधिनियम की धारा 143 की उपधारा (12) के अंतर्गत कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियमावली 2014 के नियम 13 के तहत निर्धारित प्रपत्र एडीटी–4 में केंद्र सरकार को कोई रिपोर्ट नहीं भरी गई है।

(ग) जैसा प्रबंधन द्वारा हमें बताया गया है, वर्ष के दौरान कंपनी को कोई व्हिसल ब्लोअर शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

12. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी तथा स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी निधि कंपनी नहीं है। तदनुसार, कंपनी पर आदेश का यह खंड ;गपपद्ध लागू नहीं होता है।

13 हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, संबंधित पार्टियों के साथ सभी लेनदेन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और 188 के अनुपालन में हैं और वित्तीय विवरण में उनका प्रकटन किया गया है, जैसा कि राज्य नियंत्रित संस्थाओं पर लागू सीमा तक कंपनी (लेखा) नियमावली, 2014 के नियम 7 के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के

तहत निर्दिष्ट लेखा मानक (एएस) 18, संबंधित पक्ष प्रकटीकरण के तहत अपेक्षित है।

14.

(क) हमारी राय में, कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 138 के तहत कंपनी में आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली रखना आवश्यक है, जो वर्ष के लिए उपलब्ध है और कंपनी के व्यवसाय के आकार और प्रकृति के अनुरूप है।

(ख) प्रणाली के कार्यरत होने के कारण ही हम आंतरिक लेखा परीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर विचार कर सके।

15 कंपनी ने अपने निदेशकगणों अथवा उनसे संबंधित व्यक्तियों के साथ कोई गैर–नकद लेनदेन नहीं किया है। तदनुसार, कंपनी पर आदेश के खंड ;गअद्ध के प्रावधान लागू नहीं होते हैं।

16.

(क) कंपनी को भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45 (आईए) के तहत पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। तदनुसार, कंपनी पर आदेश का यह खंड ;गअपद्ध (क) लागू नहीं होता है।

(ख) कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक से पंजीकरण के वैध प्रमाण पत्र के बिना कोई भी गैर–बैंकिंग वित्तीय या आवास वित्त गतिविधियाँ संचालित नहीं की हैं। तदनुसार, कंपनी पर आदेश का यह खंड ;गअपद्ध (ख) लागू नहीं होता है।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934 के तहत निर्मित विनियमों में परिभाषित कंपनी, कोर निवेश कंपनी (सीआईसी) नहीं है। तदनुसार, कंपनी पर आदेश का यह खंड ;गअपद्ध (ग) लागू नहीं होता है।

(घ) लेखापरीक्षा के दौरान हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी के पास कोई सीआईसी नहीं है, तदनुसार कंपनी पर आदेश के इस खंड ;गअपद्ध (घ) की अर्हता लागू नहीं होती है।

17. कंपनी को चालू वित्त वर्ष अर्थात लेखापरीक्षा अवधि और पिछले वर्ष के दौरान कोई नकद घाटा नहीं हुआ है।

18. वर्ष के दौरान, किसी भी सांविधिक लेखापरीक्षक ने त्यागपत्र नहीं दिया है, तदनुसार, कंपनी पर आदेश का खंड ;xviii) लागू नहीं होता है।

19. वित्तीय अनुपातों, आयु और वित्तीय परिसंपत्तियों की प्राप्ति, वित्तीय दायित्वों के भुगतान की अपेक्षित तिथियों, वित्तीय विवरणों के साथ दी गई अन्य सूचनाओं एवं निदेशक मंडल और प्रबंधन योजनाओं के बारे में हमारे ज्ञान और मान्यताओं का समर्थन करने वाले साक्ष्यों की हमारी जांच के आधार परए हमारे ध्यान में ऐसा कुछ नहीं आया है, जिससे हमें यह वि वास हो कि लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि को किसी भी तरह की कोई भौतिक अनिश्चितता विद्यमान है, जो यह दर्शाती हो कि कंपनी अपने दायित्वों को तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय हैं, को पूरा करने में सक्षम नहीं है।

तथापि, हम उल्लिखित करते हैं कि यह कंपनी की भविष्य की व्यवहार्यता के बारे में कोई आ वासन नहीं है। हम यह भी उल्लेख करते हैं कि हमारी रिपोर्टिंग लेखापरीक्षा रिपोर्ट की तिथि तक के तथ्यों पर आधारित है और हम न तो कोई गारंटी देते हैं और न ही कोई आ वासन देते हैं कि तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर देय सभी देनदारियों को कंपनी द्वारा समय पर चुका दिया जाएगा।

20. हमारी राय में और हमें दी गई जानकारी एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान सीएसआर गतिविधि पर 42.98 लाख रुपये खर्च किए हैं।

21. हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार तथा आदेश के उपरोक्त खण्डों ;पद्ध से ;गगद्ध में पहले से शामिल सूचना, अर्हताएं या प्रतिकूल टिप्पणियों के अतिरिक्त शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, इकाइयों की कंपनी (लेखा परीक्षक की रिपोर्ट) आदेश (सीएआरओ) रिपोर्ट में संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा कोई अन्य अर्हताएं या प्रतिकूल टिप्पणियां नहीं हैं।

कृते पीवीआरएन एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन सं. : 004062एन

ह/–
सीए राहुल जिंदल
पार्टनर
एम. नं. 522355

स्थान : नई दिल्ली
दिनाक : 21.08.2024
यूडीआईएन नं. 24522355बीकेईएआरयू1236



अनुलग्नक 'ख'

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड ;पद्ध के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

हमने 31 मार्च, 2024 तक **सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ('कंपनी')** की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है जो इस तिथि को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ संलग्न है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का दायित्व

कंपनी प्रबंधन, भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पणियां ('मार्गदर्शन टिप्पणी') में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन दायित्वों में पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की डिज़ाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव शामिल है जो कंपनी की नीतियों का पालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और उनका पता लगाने, लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता, पूर्णता, और अधिनियम के तहत आवश्यक वि वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी सहित कंपनी के व्यवसाय का व्यवस्थित एवं कुशल संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे।

लेखा परीक्षक के दायित्व

हमारा दायित्व लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों पर राय व्यक्त करना है। हमने अपनी लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पणियां ('मार्गदर्शन टिप्पणी') और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(10) के तहत निर्धारित उन आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू सीमा तक लेखापरीक्षा मानकों के अनुसार पूरी की है जिन्हें भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी किया गया है। इन मानकों और मार्गदर्शन टिप्पणियों के लिए आवश्यक है कि हम अपने नैतिक दायित्वों का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आ वासन प्राप्त करने के लिए लेखापरीक्षा की योजना बनाकर उसे निष्पादित करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित हैं और वे प्रयोग में लाए जा रहे थे तथा क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी रूप से संचालित होते हैं।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और उनकी परिचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखापरीक्षा से संबंधित साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाएं निष्पादित करना शामिल है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना और इस बाबत जोखिमों का आकलन करना कि कोई भौतिक कमज़ोरी मौजूद है, और मूल्यांकित जोखिम के आधार पर आंतरिक नियंत्रण के डिज़ाइन और परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण एवं मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें वित्तीय विवरणों के भौतिक गलत विवरण के जोखिमों का आकलन शामिल है, भले ही वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो।

हमारा मानना है कि हमारे द्वारा प्राप्त लेखापरीक्षा साक्ष्य, वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी की आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखापरीक्षा राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की वि वसनीयता और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी के बारे में उचित आ वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में निम्नलिखित नीतियाँ और प्रक्रियाएँ शामिल हैं जो:

1. ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है जो निगम की परिसंपत्तियों के लेनदेन और निपटान को उचित विवरण के साथ सटीक और निष्पक्ष रूप से प्रद ित करते हैंय

2. इस बाबत उचित आ वासन प्रदान करना कि सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए लेनदेन को आवश्यक रूप से रिकॉर्ड किया जाता है तथा निगम की प्राप्तियां और व्यय केवल निगम के प्रबंधन और निदेशकगणों के अनुमोदन के अनुसार ही किए जा रहे हैंय तथा

3. कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग

या निपटान की रोकथाम अथवा समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आ वासन प्रदान करना, जिसका वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएँ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की मिलीभगत या नियंत्रण के अनुचित प्रबंधन ओवरराइड की संभावना जैसी अंतर्निहित सीमाओं के कारण अथवा धोखाधड़ी के कारण महत्वपूर्ण गलत बयान हो सकते हैं जिनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, भविष्य में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैं कि स्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन का स्तर खराब हो सकता है।

राय

हमारी राय में कंपनी ने सभी भौतिक मामलों में, वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण बनाए रखा है और वित्तीय रिपोर्टिंग पर इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च 2024 तक प्रभावी रूप से काम कर रहे थे जिन पर कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन टिप्पणियों में वर्णित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए किया गया था।

कृते पीवीआरएन एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन सं. : 004062एन

ह/–
सीए राहुल जिंदल
पार्टनर
एम. नं. 522355

स्थान : नई दिल्ली
दिंनाक : 21.08.2024
यूडीआईएन नं. 24522355बीकेईएआरयू1236

31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के तहत निर्देशों की अनुपालन रिपोर्ट।

अनुलग्नक–I

1. क्या कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए प्रणाली लागू है, यदि हाँ, तो आईटी प्रणाली के बाहर लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने से खातों की अखंडता पर पड़ने वाले प्रभावों के साथ-साथ वित्तीय प्रभाव, यदि कोई हो, का उल्लेख किया जाना चाहिए।	ळां, कंपनी में आईटी प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए प्रणाली विद्यमान है। हमारे सामने लेखांकन लेनदेन का ऐसा कोई मामला दृष्टिगोचर नहीं हुआ जो आईटी प्रणाली के बाहर संसाधित किया गया हो।
2. क्या कंपनी के मौजूदा ऋण का कोई पुनर्गठन किया गया है या कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा ऋण/उधार/ब्याज आदि की छूट/बट्टे खाते में डालने के मामले हैं, यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभाव सूचित करें। क्या ऐसे मामलों का उचित लेखाजोखा रखा जाता है ?(यदि ऋणदाता कोई सरकारी कंपनी है, तो यह निर्देश ऋणदाता कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक पर भी लागू है)।	वर्ष के दौरान किसी मौजूदा ऋण का पुनर्गठन नहीं किया गया है या कंपनी की ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा कंपनी को दिए गए ऋण/उधार/ब्याज आदि को माफ करने/बट्टे खाते में डालने का कोई मामला सामने नहीं आया है।
3. क्या केन्द्र /राज्य सरकार या उसकी एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त /प्राप्त होने वाली निधियों (अनुदान/सब्सिडी आदि) का उसके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखा /उपयोग किया गया था? विचलन के कारणों की सूची बनाएँ।	केन्द्र /राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त /प्राप्त होने वाली धनराशि का उसकी शर्तों के अनुसार उचित रूप से लेखा .जोखा रखा गया /उपयोग किया गया।

सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

31 मार्च, 2024 को तुलन पत्र **(₹ लाख में)**

विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2024 तक	31 मार्च 2023 तक
इक्विटी और देयताएं			
शेयरधारक निधि			
(क) शेयर पूंजी	02	81,140.74	81,140.74
(ख) भंडार और अधिशेष	03	(58,979.37)	(68,484.62)
		22,161.37	**12,656.12**
गैर-मौजूदा देयताएं			
(क) दीर्घावधि उधार	04	15,090.0	15,090.07
(ख) अन्य दीर्घकालिक देनदारियां	05	26,161.17	25,411.94
(ग) दीर्घकालिक प्रावधान	06	4,132.48	4,239.75
		45,383.72	**44,741.76**
वर्तमान देयताएं			
(क) अल्पकालिक उधार	07	-	-
(ख) व्यापार देय			
(i) व्यापार देयताएं-एमएसएमई	08	823.78	392.77
(ii) व्यापार देयताएं-अन्य	08	1,535.48	1,371.19
(ग) अन्य चालू देयताएं	09	7,074.01	7,757.79
(घ)अल्पकालिक प्रावधान	10	4,932.08	4,183.91
		14,365.35	**13,705.66**
कुल		**81,910.44**	**71,103.54**
परिसंपत्तियां			
गैर-मौजूदा परिसंपत्तियां			
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण और अमूर्त संपत्ति			
(i) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	11 क	16,198.21	12,579.84
(ii) अमूर्त आस्तियां	11 ख	1.11	0.30
(iii) पूंजीगत कार्य प्रगति पर है	12	4,577.74	6,242.83
(iv) विकास के तहत अमूर्त संपत्ति	13	12.81	12.81
(ख) गैर-वर्तमान निवेश	14	227.98	227.98
(ग) दीर्घावधि ऋण और अग्रिम	15	4,455.01	1,965.50
(घ)अन्य गैर-वर्तमान संपत्तियां	16	1,638.80	1,462.23
(ङ) गैर-परिशोधित व्यय	17	1,977.47	1,868.47
		29,089.13	**24,359.96**
वर्तमान परिसंपत्तियां			
(क) वर्तमान निवेश	18	-	-
(ख) इन्वेंट्री	19	18,189.11	17,046.41
(ग) व्यापार प्राप्य	20	508.03	322.56
(घ) नकद और नकद समकक्ष	21	28,791.82	20,083.99
(ङ) अल्पकालिक ऋण और अग्रिम	22	3,226.69	3,428.26
(च) अन्य चालू आस्तियां	23	2,105.66	5,862.36
		52,821.31	**46,743.58**
कुल योग		**81,910.44**	**71,103.54**

1 से 34

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और वित्तीय विवरणों के
नोट
उपर्युक्त नोट तुलन पत्र का अभिन्न अंग हैं।
यह सम तिथि की हमारी रिपोर्ट में संदर्भित बैलेंस शीट है

पी वी आर एन एंड कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 004062एन

ह /-
(सीए राहुल जिंदल)
साझीदार
सदस्यता संख्या 522355
यूडीआईएन
2452235बीकेईआरयू1236

दिनांक: 21-08-2024
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह /-
(संजय बांग)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 09353339

ह /-
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह /-
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन : 09711963

ह /-
(सैय्यद शरीक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ और हानि का विवरण

(₹ लाख में)

	विवरण	टिप्पणी सं.	31 मार्च 2024 तक	31 मार्च 2023 तक
	राजस्व			
I	प्रचालनों से राजस्व			
	(क) उत्पादों की बिक्री (क्लिंकर सहित)		41,705.51	44,031.02
	(बी) अन्य प्रचालनरत राजस्व		98.76	41.06
	प्रचालनों से कुल राजस्व		**41,804.27**	**44,072.08**
II	**अन्य आय**	**24**	5,631.96	3,472.30
	कुल आय		**47,436.23**	**47,544.38**
	खर्च			
	(क) खपत सामग्री की लागत	**25**	5,662.58	5,940.54
	(बी) तैयार माल की सूची में परिवर्तन, कार्य-प्रगति और व्यापार में स्टॉक	**26**	(2,586.32)	(614.58)
	(सी) कर्मचारी लाभ व्यय	**27**	5,609.92	5,395.78
	(डी) वित्त लागत	**28**	-	-
	(ई) मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	**29**	1,314.90	1,003.04
	(च) अन्य व्यय	**30**	37,872.03	34,465.04
	कुल व्यय		**47,873.11**	**46,189.82**
	असाधारण और असाधारण वस्तुओं और कर से पहले लाभ / (हानि)		**(436.88)**	**1,354.56**
	अपवादात्मक मद आय / (व्यय)	**31A**	9,942.13	8,174.58
	असाधारण वस्तुओं और कर से पहले लाभ / (हानि)		**9,505.25**	**9,529.14**
	असाधारण मदें आय / (व्यय)		-	-
	कर से पहले लाभ/(हानि)		**9,505.25**	**9,529.14**
	कर व्यय			
	वर्तमान कर		1,660.76	369.17
	कम: मैट क्रेडिट पात्रता		(1,660.76)	(369.17)
	निरंतर परिचालन से लाभ / (हानि)		518.06	2,443.72
	परिचालन बंद करने से लाभ / हानि	**31C**	8,987.19	7,085.42
	परिचालन बंद करने का कर व्यय		-	-
	परिचालन बंद करने से लाभ/(हानि) (कर के बाद)		8,987.19	7,085.42
	वर्ष के लिए लाभ/(हानि)		**9,505.25**	**9,529.14**
	प्रति इक्विटी शेयर आय (₹में)			
	(प्रति इक्विटी शेयर ₹ 1000/- का मूल्य)			
	बुनियादी		**(9.66)**	**29.63**
	पतला		**(9.66)**	**29.63**

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां और वित्तीय विवरणों के नोट 1 से 34
उपरोक्त नोट लाभ और हानि के विवरण का एक अभिन्न अंग हैं।

यह सम तिथि की हमारी रिपोर्ट में संदर्भित लाभ और हानि का विवरण है

पी वी आर एन एंड कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 004062एन
ह /-
(सीए राहुल जिंदल)
साझीदार
सदस्यता संख्या 522355
यूडीआईएन 2452235बीकेईआरयू1236

दिनांक: 21-08-2024
स्थान : नई दिल्ली

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह /-
(संजय बांग)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 09353339

ह /-
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन : 09711963

ह /-
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह /-
(सैय्यद शरीक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

(₹ लाख में)

विवरण	सतत प्रचालन		परिचालन बंद करना		कुल योग	
	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023
क. **परिचालन गतिविधियों से नकदी प्रवाह:**						
कर से पहले शुद्ध लाभ / (हानि)	518.06	2,443.72	8,987.19	7,085.42	9,505.25	9,529.14
के लिए समायोजित:						
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	1,757.08	932.00	82.70	83.31	1,839.78	1,015.31
वित्तीय लागत	-	-	-	-	-	-
ब्याज और अन्य आय	(4,008.41)	(2,731.81)	(621.80)	(246.47)	(4,630.21)	(2,978.28)
अचल संपत्तियों के निपटान पर लाभ	(18.30)	(6.95)	(188.78)	-	(207.08)	(6.95)
निवेश की बिक्री पर लाभ		-		-		-
प्रावधानों को अब वापस लिखने की आवश्यकता नहीं है	(192.43)	(363.40)	(35.50)	(25.53)	(227.93)	(388.93)
संदिग्ध प्राप्तियों के लिए प्रावधान	-	-	-	-	-	-
बट्टे खाते में डाले गए अनारक्षित व्यय	338.18	370.91	-	-	338.18	370.91
अपवादात्मक (आय)/व्यय	-	-	(9,942.13)	(8,174.58)	(9,942.13)	(8,174.58)
असाधारण (आय)/व्यय	-	-	-	-	-	-
कार्यशील पूंजी से पहले परिचालन लाभ	**(1,605.82)**	**644.47**	**(1,718.32)**	**(1,277.85)**	**(3,324.14)**	**(633.38)**
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन:						
व्यापार देय में वृद्धि / (कमी)	595.30	115.53	-	(29.97)	595.30	85.56
अन्य देनदारियों में वृद्धि / (कमी)	(274.46)	347.42	567.84	1,422.13	293.38	1,769.55
प्रावधानों में वृद्धि / (कमी)	(127.02)	1,059.72	767.92	53.88	640.90	1,113.60
व्यापार प्राप्तियों में कमी/(वृद्धि)	(185.47)	161.42	-	-	(185.47)	161.42
इन्वेंट्री में कमी/(वृद्धि)	(2,059.14)	(3,860.80)	916.44	920.57	(1,142.70)	(2,940.23)
ऋण और अग्रिम में कमी/(वृद्धि)	(1,247.01)	(135.22)	(1,040.93)	(57.39)	(2,287.94)	(192.61)
अन्य आस्तियों में कमी/(वृद्धि)	(1,681.83)	(143.00)	692.63	(76.83)	(989.20)	(219.83)
किए गए अनारक्षित व्यय	(447.18)	(256.62)	-	-	(447.18)	(256.62)
परिचालन गतिविधियों से निवल नकदी (प्रयुक्त)	**(7,032.63)**	**(2,067.08)**	**185.58**	**954.54**	**(6,847.05)**	**(1,112.54)**
ख निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह:						
अचल संपत्तियों की खरीद	(5,591.09)	(474.44)	(2.58)	2.54	(5,593.67)	(471.90)
ब्याज और अन्य आय	4,693.08	2,895.78	621.80	246.47	5,314.88	3,142.25
पूंजी कार्य प्रगति पर है	1,638.38	(249.59)	26.70	129.70	1,665.08	(119.89)
अचल संपत्तियों की बिक्री पर प्राप्तियां	24.34	8.26	14,144.25	4,516.94	14,168.59	4,525.20
निवेश गतिविधियों से निवल नकदी	**764.71**	**2,180.01**	**14,790.17**	**4,895.65**	**15,554.88**	**7,075.66**
ग. वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह:						
लंबी अवधि के उधार से आय	-	-	-	-	-	-
दीर्घावधि उधार की चुकौती	-	-	-	-	-	-
अल्पकालिक उधार से आय	-	-	-	-	-	-
अल्पकालिक उधार की चुकौती	-	-	-	-	-	-
अन्य इकाइयों को हस्तांतरित निधि	-	-	-	-	-	-
सरकार से प्राप्त अनुदान भारत का	-	-	-	-	-	-
ब्याज और अन्य उधार लागत का भुगतान	-	-	-	-	-	-
यूनिटों के लिए अंतरित निधि	14,962.00	5,847.13	(14,962.00)	(5,847.13)	-	-
वित्तपोषण गतिविधियों से निवल नकदी	**14,962.00**	**5,847.13**	**(14,962.00)**	**(5,847.13)**	**-**	**-**
नकद और नकद समतुल्य में निवल वृद्धि/(कमी)	**8,694.08**	**5,960.06**	**13.75**	**3.06**	**8,707.83**	**5,963.12**
नकद और नकद समकक्ष खोलना	20,073.48	14,113.42	10.51	7.45	20,083.99	14,120.87
नकद और नकद समतुल्य बंद करना	**28,767.56**	**20,073.48**	**24.26**	**10.51**	**28,791.82**	**20,083.99**

सीमेंट कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए नकदी प्रवाह विवरण

विवरण	सतत प्रचालन		परिचालन बंद करना		कुल योग	
	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023	वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2024	वर्ष समाप्त 31 मार्च 2023
1. नकद और नकद समकक्षों को बंद करने में शामिल हैं:						
नकद	0.80	0.97	0.03	0.03	0.83	1.00
हाथ में चेक	-	-	-	-	-	-
बैंकों के पास शेष:						
- चालू खातों पर	996.93	792.46	24.23	10.48	1,021.16	
- जमा खातों पर	24,265.49	15,630.82	-	-	24,265.46	15,630.82
- ग्रहणाधिकार के तहत	3,504.34	3,649.23			3,504.34	3,649.23
कुल योग	**28,767.56**	**20,073.48**	**24.26**	**10.51**	**28,791.82**	**20,083.99**

2 उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण अप्रत्यक्ष विधि के तहत तैयार किया गया है जैसा कि कंपनी (लेखा मानक) नियम, 2021 के तहत केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित लेखा मानक 3 'नकदी प्रवाह विवरण' में निर्धारित किया गया है।
3. बैंक जमाराशियों में ₹ 2222.92 लाख (पिछले वर्ष: ₹ 2261.04 लाख) की जमाराशियां शामिल हैं, जिनकी परिपक्वता अवधि 12 महीने से अधिक है।
4. जब भी आवश्यक हो, अतिरिक्त कार्यशील पूंजी को स्वयं के नकद संसाधनों से पूरा करने का प्रस्ताव है।
5 वर्तमान वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि करने के लिए जहां भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः समूहीकृत / पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

पी वी आर एन एंड कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 004062एन

ह /-
(सीए राहुल जिंदल)
साझीदार
सदस्यता संख्या 522355
यूडीआईएन 2452235बीकेईआरयू1236

दिनांक: 21-08-2024

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

ह /-
(संजय बांग)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 09353339

ह /-
(प्रदीप कुमार चंद)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन : 09711963

ह /-
(अजय कुमार शर्मा)
कंपनी सचिव

ह /-
(सैय्यद शरीक हुसैन)
वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त)

लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र

हमने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरणों से प्राप्त सीमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के उपरोक्त नकदी प्रवाह विवरण को सत्यापित किया है और उसके अनुसार तैयार किया गया पाया है।

संलग्न तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

पी वी आर एन एंड कंपनी के लिए
सनदी लेखाकार
आईसीएआई फर्म पंजीकरण संख्या 004062एन

ह /-
(सीए राहुल जिंदल)
भागीदार
सदस्यता संख्या 522355

दिनांक: 21-08-2024
स्थान: नई दिल्ली
यूडीआईएन 2452235बीकेईआरयू1236



31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय विवरणिकाओं पर टिप्पणियां

महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ

01.01 तैयारी का आधार

ये वित्तीय विवरणिकायें कंपनी अधिनियम, 2013निम्नलिखित वस्तुओं को छोड़कर जिन्हें नकद आधार लेखाबद्ध किया जाता है, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लागू लेखांकन मानकों, कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 7 और संबंधित प्रावधानों के अनुपालन में, प्रोद्भवन आधार पर, ऐतिहासिक लागत परिपाटी के अंतर्गत तैयार की गई हैं।

(i) रेलवे और बीमा दावों से भिन्न किए गए परिसमाप्त हानि/अर्थदंड/दावे वसूली के आधार पर लेखाबद्ध किया जाता है और विविध आय में शामिल किये जाते हैं।

(ii) भंडार और पुर्जों के अधिशेष/धीमी गति से चलने वाली/न चलने वाली वस्तुओं आदि पर लाभ/हानि, यदि कोई हो, उस वर्ष लेखाबद्ध की जाती है जिसमें उसका निपटान किया जाता है।

प्रचालन चक्र

कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची प्प् में निर्धारित कंपनी के प्रचालन चक्र और अन्य मानदंडों के अनुसार सभी परिसंपत्तियां और देनदारियां चालू या गैर–चालू के रूप में वर्गीकृत की गई हैं। प्रचालन की प्रकृति के आधार पर,कंपनी ने परिसंपत्तियों और देनदारियों के चालू या गैर–चालू वर्गीकरण के उद्देश्य से अपने प्रचालन चक्र का मूल्यांकन बारह मास के रूप में किया गया है।

01.02 राजस्व की मान्यता

(i) राजस्व को वापसियों, मितिकाटा (डिस्काउंट) एवं छूट आदि के अलावा वस्तु एवं सेवा कर के निवल को छोड़कर मान्यता दी जाती है।

(ii) ब्याज आय समय के आधार पर, मूल बकाया के संदर्भ में और प्रयोज्य प्रभावी ब्याज दर पर अर्जित की जाती है।

01.03 भूमि एवं परिशोधन

(i) राज्य सरकार द्वारा मुफ्त दी गई भूमि का मूल्य नाममात्र लागत पर या इसक अधिग्रहण पर किए गए आकस्मिक व्यय के आधार पर किया जाता है।

(ii) खदान में खनन पट्टे के अंतर्गत भूमि फ्री होल्ड और 99 वर्ष से कम पट्टे वाली भूमि का परिशोधन संबंधित इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख से दस वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है।

01.04 निवेश

(i) दीर्घावधिक निवेश का उल्लेख लागत पर किया गया है। ऐसे निवेशों के मूल्य में स्थायी गिरावट को मान्यता दी गई है और इसके लिए प्रावधान किया जाता है।

(ii) चालू निवेश का उल्लेख लागत से कम और उद्धृत/उचित मूल्य पर किया गया है। गैर–उद्धृत चालू निवेश का उल्लेख लागत किया जाता है।

1.05 उधार लागत

